53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.1°c अधिकतम 27.4 °c

**अमृतवाणी**

जानते हो सब कुछ खो देने से भी बुरा क्या है? वो उम्मीद खो देना जिसके भरोसे आप सबकुछ वापस पा सकते हो।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**2017 के बाद का नया उत्तर प्रदेश अपराध कतई बर्दास्त नहीं करता : योगी**



सख्त कदम ने कर दिया अपराधों का नाश.. अब तो थर-थर काँपते गुन्डे और बदमाश.....

सूर्योदय - 6:46, सूर्यास्त - 5:22 | वर्ष : 53/ अंक : 319 | बुधवार, 19 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत 2052 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

# लिव इन और प्रेम विवाह पर सर्व खाप कुपित

**शाहपुर, 18 नवम्बर (बु.)।** शाहपुर क्षेत्र के सोरम गांव में आयोजित तीन दिवसीय सर्वखाप सर्वजातीय महा सम्मेलन के अंतिम दिन मंगलवार को सभी खाप के चौधरियों की मौजूदगी में सर्वखाप पंचायत ने 11 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये। लिव इन रिलेशनशिप व समलैंगिक विवाह को सामाजिक अभिशाप बताया गया। खाप पंचायत ने कहा कि कोई भी प्रेम विवाह माता-पिता की

## सर्वखाप पंचायत में दहेज, मृत्यु भोज आदि 11 प्रस्ताव पारित

सहमति के बिना नहीं होना चाहिए। दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराईयों को खत्म करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और युवाओं के बेहतर भविष्य को लेकर नशा मुक्ति को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया है।

1. **मृत्युभोज-** मृत्युभोज सामाजिक रूप से अतिनिंदनीय है, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है। पंचायत समाज से अपील करती है कि इस कुरीति को बन्द किया जाए। हवन का आयोजन कर शोक सभा के बाद इसका समापन कर दिया जाए।
2. **दहेज प्रथा**–दहेज प्रथा समाज को प्रतिदिन कमजोर कर रही है। पंचायत समाज से अपील करती है कि दहेज न लेने वाले बनें। साथ ही शादी में दिखावा न किया जाए। दहेज की प्रतिस्पर्धा से बचें। शादी का आयोजन दिन में ही किया जाए। इसे पारिवारिक आयोजन तक ही सीमित रखा जाए। शादी से पहले होने वाली अँगूठी की रस्म को छोटा किया जाए, उसे पांच आदमियों तक ही सीमित किया जाए।
3. **नशामुक्ति**–नशे की वजह से देश में लाखों परिवार बर्बाद हो चुके हैं। नशा एक सामाजिक कुरीति है। इसे बिना सामाजिक सहयोग के समाप्त करना कठिन है। पंचायत समाज से व खाप चौधरियों से अपील करती है कि अपने यहां नशामुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।
4. **भ्रूणहत्या**–कन्या भ्रूणहत्या की वजह से

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें









## गांव के 30 प्रतिशत घरों में ताले लगे हुए हैं: नरेश टिकैत

### सर्वखाप महापंचायत के अंतिम दिन परम्पराओं को मजबूती देने की अपील

**शाहपुर, 18 नवम्बर (बु.)।** ऐतिहासिक गांव सोरम में चल रही तीन दिवसीय सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत के आज आखिरी दिन पहुंचे खाप चौधरियों-थाम्बेदारों ने मंच के माध्यम से अपनी परम्पराओं को अपनाने का आह्वान किया। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि गांवों से पलायन के चलते करीब 30 प्रतिशत घरों में ताले लगे हुए हैं। यह चिंता की बात है। महापंचायत को सम्बोधित करते हुए भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत ने कहा कि इस प्रकार की महापंचायत का आयोजन जरूरी है, ताकि सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों ने पहले ही जो समाज का ताना-बाना बुना था। वह बहुत अच्छा था। उन्होंने कहा कि आज जो हमारी सबसे बड़ी चिन्ता है। वह युवाओं को लेकर है। युवा देश की रीढ़ होती है, परन्तु दु:ख का विषय है कि आज का युवा नशे की लत का शिकार हो रहा है। बुजुर्गों का सम्मान जरूरी है। हमें अपने भविष्य के प्रति सोचना होगा। चिन्ता का विषय यह है कि आज करीब 30 प्रतिशत घरों में ताले लगे हुए हैं। आज के बदलते दौर में आने वाले सालों में समाज की क्या स्थिति होगी यह विचारणीय है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त की कि गांव के लोग शहर की ओर रूख कर रहे हैं। अतः कृषि को आय का साधन बनाया जाए। कृषि से आय बढ़ेगी तो आज का युवा रोजगार के लिए शहर का रूख नहीं करेगा। चौ. नरेश टिकैत ने आगे कहा कि माता-पिता ना जाने किस प्रकार से अपने बच्चों की फीस, शहर में रहकर पढ़ रहे बच्चों के रहने, फीस, किराया, उनके खान-पान आदि सभी चीजों की व्यवस्था करते हैं। खुद परेशानी उठाकर अपने बच्चों के लिए मेहनत करते हैं। युवाओं का भी दायित्व है कि वे अपने बुजुर्गों और माता-पिता को उचित सम्मान दें। समाज की मुख्य धारा से जुड़ने तथा बच्चों के विवाह की उम्र 28-30 साल ना करके समय से बच्चों का विवाह करने का आह्वान किया गया। भाकियू अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत ने महापंचायत की सफलता एवं सुव्यवस्थाओं के लिए जिला पुलिस प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराईयों को दूर करने तथा समाज में जागरूकता के लिए 5-7 लोगों की कमेटी बने जो गांव-गांव में लोगों को कुरीतियों के प्रति जागरूक करे। राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपने सम्बोधन में कहा कि युवा पीढ़ी को अपना पूरा ध्यान शिक्षा पर देना चाहिए। शिक्षित व्यक्ति अपने देश व समाज का नाम रोशन करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि शिक्षा के लिए वे बिहार के बच्चों से सीख लें। उनसे दोस्ती करें। उच्च शिक्षा हासिल करें। चौधरी राकेश टिकैत ने विभिन्न खापों के चौधरियों-थाम्बेदारों, राजनैतिक दलों के व्यक्तियों सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि समाज को जाति, धर्म के नाम पर बांटने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जातियों में बंटने से हमारा शोषण हो रहा है। अतः इस प्रकार की पंचायतें होना जरूरी है, ताकि अपनों के साथ बैठकर अपनी बात की जा सके। सभी एक मंच पर आ सकें और समाज को एक नई दिशा मिल सके। कार्यक्रम के अन्त में देशभर के विभिन्न प्रान्तों से पहुंचे किसान प्रतिनिधियों व अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। महापंचायत में सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत के महामंत्री सुभाष चौधरी, गौरव टिकैत के अलावा पंचायत में थाम्बेदार चौधरी विवेक सिंह, बाबा प्रमेन्द्र आर्य, चौधरी शरणवीर सिंह, चौ. हुकम सिंह, चौ. सुखपाल सिंह, चौ सचिन जावला, चौ. विजेन्द्र सिंह, गजेन्द्र अहलावत, चिन्तक कमल मित्तल, मनोज चौधरी, सतीश सहरावत, वरुण सहरावत, जयदेव बालियान, देवेंद्र सिंह, डॉ. आदित्य सिंह कंवरपाल सिंह, मौजूद रहे।



## दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बु.)।** जानसठ थाना क्षेत्र के एक मामले में मंगलवार को दुष्कर्म के आरोपी को विशेष अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट ने बीस साल की सजा सुनाई। मंगलवार को एडीजीसी विक्रान्त राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी ने जानसठ थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी पौत्री अपने नाना के यहां गयी हुई थी। 3 सितम्बर 2023 को वह पैदल पैदल-पैदल अपने नाना के घर पर जा रही थी, तभी रास्ते में आरोपी उस्मान उर्फ सुक्का, निवासी राजपुर कलां ने उसकी पौती को बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने बैठा लिया। जिसे वहां से बहला-फुसलाकर जंगल की ओर ले जाया गया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्म के बाद आरोपी उस्मान उसे जानसठ में बस स्टैंड के पास छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई तो आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। मामले की सुनवाई विशेष अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश अलका भारती की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी उस्मान को 20 साल की सजा सुनाई है साथ ही 23 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

## दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी उमर का करीबी अल फलाह यूनिवर्सिटी छात्र देवबंद से दबोचा

**देवबंद, 18 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली ब्लास्ट मामले की जांच कर रही दिल्ली की स्पेशल टीम ने मंगलवार को देवबंद में छापा मारकर फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी के छात्र अहमद रजा को उठा लिया। छात्र दिल्ली धमाके में मारा गया डॉ. उमर का करीबी बताया जा रहा है। रजा अल फलाह यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस तृतीय वर्ष का छात्र है। कुछ दिन पहले ही यूनिवर्सिटी से देवबंद लौटा था। डॉ. आदिल अहमद की गिरफ्तारी और दिल्ली धमाके के बाद से आईबी, एटीएस, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और खुफिया एजेंसियां लगातार नेटवर्क खंगालने में जुटी हैं। जिले में रहते हुए डॉ. आदिल किनके संपर्क में रहता था और यहां कब-कब मिलता था। इसकी जांच चल रही है। उसके बाद से एक के बाद एक कड़ी जुड़ती जा रही है। मंगलवार को दिल्ली की स्पेशल टीम ने देवबंद के मोहल्ला पठानपुरा में छापा मारकर छात्र अहमद रजा को हिरासत में लिया है। छात्र फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। वह कई दिनों से यहां पर रह रहा था। जांच में छात्र का नाम सामने आया था। उसका डॉ. उमर से भी संपर्क होने का पता चला था। बताया जा रहा है कि उनके बीच व्हाट्सएप पर बातचीत होती थी। वह डॉ. आदिल और डॉ. मुजम्मिल के भी संपर्क में बताया जा रहा है। पूछताछ के लिए छात्र को टीम अपने साथ ले गई है। जिले में करीब 10 से ज्यादा कश्मीरी डॉक्टर भी खुफिया एजेंसी के निशाने पर है। दिल्ली की स्पेशल टीम ने छात्र के मोबाइल को भी कब्जे में लिया है। इसमें कॉल डिटेल से लेकर फोटो, वीडियो की जांच होगी। किन नंबरों पर व्हाट्सअप चैटिंग की गई। इसकी भी जांच जाएगी। इसके अलावा छात्र किसके संपर्क में रहता था, वह भी पता लगेगा। पूछताछ के दौरान कई अन्य नाम भी सामने आ सकते हैं।

## भारत और हिंदू का अर्थ समान: मोहन भागवत

**गुवाहाटी, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जो कोई भी भारत पर गर्व करता है वह हिंदू है। मंगलवार को यहां प्रतिष्ठित लोगों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने यह भी दावा किया कि हिंदू केवल एक धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत पहचान है जो हजारों वर्षों की सांस्कृतिक निरंतरता में निहित है। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत और हिंदू का अर्थ समान है। इसकी आधिकारिक घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं है कि भारत हिंदू राष्ट्र है। इसकी सभ्यतागत प्रकृति पहले से ही इसको प्रदर्शित करती है।



## हादसे में युवक की मौत, साथी घायल











**सिखेड़ा/जानसठ, 18 नवम्बर (बु.)।** पानीपत-खटीमा हाईवे पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मुजफ्फरनगर के मौहल्ला खादरवाला निवासी 25 वर्षीय अरुण पुत्र रामपाल मंगलवार को बाइक से अपने साथी थाना नई मंडी क्षेत्र के गांव सहावली निवासी सनबर पुत्र सलीम के साथ जानसठ की ओर आ रहे थे। पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर गांव निराना के पास स्कार्पियो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार अरुण की मौत हो गई, जबकि उसका साथी सनबर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सनबर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के दौरान चालक अपनी कार लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## दिल्ली में फिर बम धमकी से हड़कंप

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह एक बार फिर बम धमकी से दहशत फैल गई। लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए आई-20 कार ब्लास्ट के बाद पहले से हाई-अलर्ट पर चल रही सुरक्षा एजेंसियों के बीच आज दो सीआरपीएफ स्कूल, पटियाला हाउस कोर्ट, साकेत कोर्ट और द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ई-मेल के जरिए मिली इन धमकियों को पुलिस ने तत्काल गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। परिसर को खाली कराया गया है। बता दें कि इससे पहले भी तमाम संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी हैं, जिसकी दिल्ली पुलिस अभी भी जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक जैसे ही मेल में बम से उड़ाने के धमकी की बात सामने आई, स्कूलों में मौजूद सभी बच्चों और स्टाफ को तुरंत बाहर निकाला गया। साथ ही अदालत परिसरों को खाली कराकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और एंटी-सबोटाज टीमें मौके पर पहुंचकर हर कोने की जांच कर रही हैं। इसके साथ ही साइबर सेल ई-मेल के सोर्स का पता लगाने में भी जुटी हुई हैं। दिल्ली में बीते महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिसको लेकर सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही संवेदनशील हैं। बीते 10 नवंबर को लाल किले के पास खड़ी आई-20 कार में हुए घातक ब्लास्ट में 15 लोगों की मौत और कई घायल हुए थे। इस घटना के बाद से देश के बड़े व संवेदनशील शहरों में हाई अलर्ट है। राजधानी में दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ाई है। जांच टीमें संदिग्धों की तलाश में लगातार रेड कर रही हैं। कार में ब्लास्ट के मामले में गिरफ्तारियां भी शुरू हो गई हैं। इस पृष्ठभूमि में आज मिली ताजा धमकियों ने दिल्ली पुलिस की चिंताएं बढ़ा दी हैं।



## तेरह मुकदमों में वांछित चल रहा दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बु.)।** तितावी पुलिस ने मुठभेड के दौरान दस हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश जनपद के 9 थानों से 13 मुकदमों में वांछित चल रहा था। गिरफ्तार बदमाश ट्रांसफॉर्मर व विद्युत उपकरण चोरी के 49 मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने घायल बदमाश से एक तमंचा बरामद किया है। पहले भी इस गैंग के कई सदस्यों को तितावी पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तितावी थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि देर शाम तितावी पुलिस बघरा मुकंदपुर झाल के पास चैकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने एक संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, तो संदिग्ध ने भाग जाने का प्रयास करते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग करते हुए पुलिस ने बदमाश अलीशेर निवासी मोहल्ला काबली गेट, थाना मवाना मेरठ को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त घायल बदमाश 13 मुकदमों में 9 थानों से वांछित चल रहा था। साथ ही साथ बदमाश पर दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। गिरफ्तार बदमाश अलग अलग थानों में 49 मुकदमे दर्ज हैं।



## कानून की पढ़ाई कर रहे साइबर ठग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

▶ 2 लाख रुपये की नकदी के साथ लैपटॉप, तीन मोबाइल, 20 एटीएम कार्ड, 7 पासबुक, 6 चेकबुक, 4 सिमकार्ड पुलिस ने किए बरामद

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बु.)। अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए युवा पीढ़ी अपराध के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपराधी बनती दिखाई दे रही है। कानून की पढाई करने वाले विद्यार्थी भी इसी कारण खुद कानून की गिरफ्त में आते देखे जा रहे हैं। मंगलवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना भोपा के बाकरनगर निवासी व्यक्ति एक साइबर ठग ने मोबाइल पर लिंक भेजकर उसका मोबाइल हैक कर लिया। आरोपी ने उसके बैंक खाते से 2 लाख रुपये निकाल लिये। पुलिस ने पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की, जिसमें भोपा पुलिस ने सफलता प्राप्त करते हुए विशाल गोदारा निवासी पीली बंगा, गुरूद्वारा के पास, हनुमानगढ़, राजस्थान हाल निवासी ग्रेटर नोएडा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी ने खुद बताया कि वह नोएडा के एक कॉलेज से लॉ की पढ़ाई कर रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक टैलिग्राम पर ग्रुप बना रखा है, जिसके जरिये वे एक-दूसरे से बात करते है। उक्त सभी ने फर्जी खाते खुलवा रखे हैं जिसमें वे जैसे ही किसी व्यक्ति के मोबाइल पर लिंक भेजते हैं, लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो जाता है और वे पैसे ट्रांसफर कराने में कामयाब हो जाते हैं। उसके बाद खातों से पैसों को क्रिप्टो करेंसी में बदलकर प्रयोग करते हैं, जिसके लिये हम बाईनेंस और वजीर एक्स आदि एपों का प्रयोग करते हैं। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने 2 लाख, एक लैपटॉप, तीन मोबाइल, 20 एटीएम कार्ड, 7 पासबुक, 6 चेकबुक, 4 सिमकार्ड बरामद किए हैं।**



## पिंजरे तैयार, शैतान बंदरों की धरपकड़ से अब होगा शहर का सुधार

### ▶ 2027 में अपनी जमीन फिसलते हुए दिखते ही हरकत में आये नेता

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में बंदरों के उत्पात से लोग पिछले कई सालों से परेशान हैं। बंदर मुजफ्फरनगर के कई हिस्सों में लोगों का सामान छीनकर भाग जाते हैं, तो कभी घरों के अंदर घुसकर रोटी या अन्य सामान उठाकर ले जाते हैं। लोग कई सालों से नेताओं और नगरपालिका से गुहार लगाते रहे है, लेकिन हमेशा उनकी मांगों को नजरअंदाज कर दिया जाता था। ऐसे में इस बार की नगरपालिका की बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास हुआ और तय हुआ कि एक विशेष टीम को टैंडर दिया जाएगा, जो कि 1000 से ज्यादा उत्पाती बंदरों को सुरक्षित खुले वन्य क्षेत्र में छोड़ेंगे। ऐसे में मंगलवार को टीम जयपुर से आ गई और उन्होंने गांधी कॉलोनी में बंदरों को पकड़ने वाले पिंजरे लगा दिये हैं। अब आगे की कार्रवाई बुधवार को की जाएगी और इन पिंजरों में बंदरों को पकड़ा जाएगा। फिलहाल जानकारी के अनुसार लगभग 1000 से 1500 तक बंदरों को पिंजरों के माध्यम से पकड़ा जाएगा। आपको ज्ञात होगा कि प्रतिदिन लोगों की अधिकारियों को शिकायत आती रहती है। कभी छत पर बैठकर टीन को तोड़ देते हैं, तो कभी घर का सामान उठाकर ले जाते हैं। घर की महिलाओं का तो छत पर जाना दुश्वार हो गया है, ना जाने कहां आये और झपट्टा मारकर घायल करके भाग जायें। आपको बता दें कि इस मामले के बाद ही नगरपालिका ने बताया कि 55 वार्डों में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलने जा रहा है। शहर से लेकर गांव तक बंदरों का आंतक बना हुआ है।

बंदरों के आंतक से लोग काफी परेशान और भयभीत हैं। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि घर के बाहर और छत पर सामान रखना भी बड़ा दुश्वार हो गया है। उत्पाती बंदरों के कारण लोगों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में काफी स्थानीय लोगों ने सुरक्षा और नुकसान से बचने के लिए घर के खुले भाग पर लोहे के जाल लगवा दिए हैं। शहरी क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में बंदरों ने कई लोगों पर हमला कर घायल भी कर दिया है। अभियान की तैयारी के तहत मंगलवार को गांधी कॉलोनी में बंदर पकड़ने वाली टीम के साथ क्षेत्र में उपयुक्त स्थानों का निरीक्षण किया और पिंजरे स्थापित करवाए। टीम के अनुसार यह अभियान नगर पालिका अध्यक्ष के निर्देशन पर चलाया जा रहा है। इसका शुभारंभ बुधवार को गांधी कॉलोनी से होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान से नगरवासियों को बंदरों की समस्या से काफी राहत मिलेगी। आपको बता दें कि बंदर पकड़ने के लिए पिंजरे खुली छतों पर ही लगाए जा सकते हैं, इसलिए जहाँ टीम को उपयुक्त स्थान लगे, वहाँ के निवासियों को अपनी छत पर पिंजरा लगाने में इस टीम का सहयोग करना पड़ेगा। अब देखने वाली बात होगी कि यह अभियान कितना सफल रहता है। हालांकि अगर दिल से और सतर्कता से टीम और लोग उनका सहयोग करेंगे तो यह अभियान जरूर सफल रहेगा। पहले तो जनता की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा था, लेकिन इस बार नेताओं को 2027 में उनकी जमीन फिसलती हुई दिखी तो कुछ अपनी हार के डर से नेताओं ने शायद सोचा कि अब जनता की ओर ध्यान दे ही देते हैं। अब देखते हैं कि यह ध्यान कब तक रहता है या फिर कुछ दिन बाद फिर जनता को नेता भूल जाते हैं।



## महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने महिलाओं को अपने झांसे में लेकर उनके जेवर उतरवाकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को स्कॉर्पियों कार सहित गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नदी रोड गऊशाला, निवासी ताराचंद की पत्नी से दूर का रिश्तेदार बताकर अपनी बहन की शादी के लिए अंगूठी बनवाने का बहाना बताकर ठगी की गयी। पुलिस ने उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी राजेश निवासी नीम साहब गुरूद्वारा कैथल थाना सदर, जिला-कैथल, हरियाणा व जय भगवान निवासी सरसोद, थाना बरवाडा, जिला-हिसार, हरियाणा हिसार में मौजूद हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उक्त दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हरियाणा पहुंचकर उक्त दोनों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ इनसे सोने की अंगूठी व स्कॉर्पियो कार भी बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महिला को अपने झांसे में लेकर इसी तरह से वारदात को अंजाम देते थे।

### सुलह कराने आई सास को दामाद ने छत से फेंककर मार डाला

**शामली, 18 नवंबर (बु.)।** पारिवारिक विवाद के बीच बेटी और दामाद के बीच सुलह कराने आई सास को दामाद ने छत से फेंक दिया। उसकी मौत हो गई। आरोप है कि मायके वालों के साथ शामली में मारपीट की गई। बागपत के असारा निवासी 52 वर्षीय रुखसाना अपनी बेटी के ससुराल लिलौन गांव में सुलह कराने गई थीं, लेकिन मंगलवार सुबह छत से गिरने के बाद उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बेटी और दामाद के बीच झगड़ा खत्म कराने पहुंची रुखसाना को ससुराल पक्ष ने पीटकर छत से फेंक दिया। सूचना पर पुलिस और एएसपी मौके पर पहुंचे तथा दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# दबंग मकान मालिक ने किरायेदार वृद्धा का सामान फेंका



**बुढ़ाना, 18 नवम्बर (बु.)।** एक दबंग मकान मालिक ने परिवार के कुछ युवकों के साथ मिलकर एक महिला किरायेदार के कमरे में रखा सारा घरेलू सामान बाहर सड़क पर फेंक दिया और मकान में ताला जड़ दिया। अब इस मामले में घायल महिला की पुत्री ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार अमीर अफसरा उर्फ महक पुत्री मरहूम अमीर आलम निवासी ग्राम चौसाना थाना झिंझाना जिला शामली ने आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि वह वर्तमान में पढ़ाई करने के उद्देश्य से अपनी मां समसी के साथ बुढ़ाना में रह रही है। वह एसडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज बुढ़ाना की छात्रा है। वह और उसकी मां समसी आबिद शिया के मकान में किराए पर रहती है। आज वह कैराना गयी हुई थी। उस समय उसकी मां समसी घर पर अकेली थी। उसकी माता को अकेला पाकर आबिद, साबिर पुत्र कासिम, हुसैन पुत्र आबिद, शहर बानो पत्नी आबिद और फैजिया पत्नी हुसैन इन सभी ने उसकी माता समसी के साथ गाली-गलौच की और बहुत ज्यादा मारपीट भी की, जिसमें उसकी मां की टांग में गंभीर चोटें आई। जाते समय आरोपी उसकी मां को जान से मारने की धमकी दे गये। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खुलेआम कोल्हुओं में पॉलीथिन झोंक फिज़ां में घोला जा रहा जहर





**भोपा, 18 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र की जौली चौकी क्षेत्र में कोल्हुओं में धड़ल्ले से पॉलीथिन और प्रतिबंधित कचरा झोंककर चौकी की फिजा में खुलेआम जहर घोला जा रहा है। चौकी क्षेत्र में बड़ी संख्या में कोल्हुओं पर प्लॉस्टिक कचरा जलाया जाता है, जिससे ग्रामीणों में बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। थाना क्षेत्र के जौली चौकी क्षेत्र में कोल्हुओं में प्लास्टिक कचरा और पॉलीथिन जलाई जा रही है। कोल्हुओं पर पॉलीथिन जलने के कारण जहां भारी प्रदूषण बढ़ रहा है, वहीं मानव जीवन पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन कोल्हुओं पर नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। चौकी क्षेत्र के कई गांव ऐसे हैं, जो कोल्हुओं में पॉलिथीन जलाने का कार्य धड़ल्ले से कर रहे हैं, जिसके चलते प्रदूषण के मानक भी लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में मानव जीवन पर प्रदूषण का प्रभाव पड़ रहा है और लोग धीरे-धीरे बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। देहात में कोल्हू संचालक खुलेआम पॉलिथीन जलाकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। जनपद में वायु प्रदूषण बेहद खराब स्थिति में है। बढ़ते प्रदूषण के कारण सांस लेना भी कठिन हो रहा है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए तमाम तरह की पाबंदी लगाई है, इसके बावजूद भी कोल्हुओं में प्लास्टिक कचरा और पॉलीथिन जलाई जा रही है। पॉलीथिन कचरे के जलने से विषैली गैस निकलती है। पॉलीथिन जलने से कार्बन मोनो आक्साइड, कार्बनडाई आक्साइड गैस निकलती हैं। ये सभी प्रदूषक गैसें हैं। इनका शरीर पर घातक असर पड़ता है। इन सभी गैसों से श्वास एवं त्वचा से संबंधित रोग पैदा होते हैं। कार्बन मोनो आक्साइड शरीर में जाकर रक्त में आक्सीजन को कम कर देती है। इससे मृत्यु तक संभव है।

## बीमारियों का कारण बन रहा धुआं

**भोपा, 18 नवम्बर (बु.)।** प्लास्टिक और रबर जलाने से निकलने वाला धुआं जानलेवा बीमारियों की वजह बन रहा है। प्लास्टिक एवं रबर जलाने पर खतरनाक रसायन पर्यावरण में फैल रहे हैं। जानकारों का कहना है कि इनसे मानव और अन्य जीवों के डीएनए खराब हो रहे हैं। ये धुआं कैंसर, मानसिक रोग, प्रजनन क्षमता क्षीण, अस्थमा और सांस की अन्य बीमारियों का कारण बन रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने कुछ वर्ष पूर्व चौकी क्षेत्र के कोल्हुओं पर प्लास्टिक कचरा और पॉलीथिन जलाए जाने की शिकायत पर कोल्हुओं में छापेमारी की थी, वहां भारी मात्रा में पड़े मिले प्लास्टिक वेस्ट मैटीरियल को देखकर टीम भी दंग रह गई थी। दर्जनों कोल्हुओं में यह कचरा जलाया जा रहा था, जिससे वायु प्रदूषण फैल रहा था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने सभी कोल्हुओं को बंद करा कर सील कर दिया था और सभी कोल्हू संचालकों पर जुर्माना भी किया गया था। ग्रामीणों ने फिर ऐसी ही कार्रवाई की मांग की है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 4850, दिनांक 27/5/2017 में गलती से पिता का नाम विनीत गोयल अंकित कर दिया गया, जबकि वास्तविक नाम विनीत कुमार गोयल है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु शपथ-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- विनीत कुमार गोयल
646/20, जवाहर कॉलोनी, नई मण्डी
मुजफ्फरनगर, मो. 9837046562

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 156, दिनांक 23/1/22 में गलती से पुत्री का नाम अविष्का (AVISHKA) और माता का नाम वैशाली (VAISHALEE) अंकित कर दिया गया, जबकि वास्तविक नाम अविष्का बंसल (AVISHKA BANSAL) और माता का नाम वैशाली गुप्ता (VAISHALEE GUPTA) है और भविष्य में इन्ही नामों से जाने जायेंगे। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- गौरव बंसल
123, गंगारामपुरा, मुजफ्फरनगर
मो. 7417347428

# डीसीएम-कार की भिड़ंत में कार चालक घायल

## - कार का एक साइड का अगला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त



**बुढ़ाना, 18 नवम्बर (बु.)।** मंगलवार की देर रात एक डीसीएम के चालक ने एक कार में टक्कर मारकर कार चालक को घायल कर दिया, जबकि कार का एक साइड का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने डीसीएम चालक को भागदौड़ करके पकड़ लिया। उधर घायल कार चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने कार चालक को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव चंधेड़ी निवासी विनीत कुमार आज मंगलवार की देर रात अपनी कार से कुछ कार्य निपटाकर मेरठ से अपने घर लौट रहा था, जब वह बुढ़ाना और बायवाला के बीच बड़ौत रोड पर आया तो विपरित दिशा से तेज रफ्तार आ रही एक डीसीएम के चालक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर आते जाते राहगीरों की सूचना पर बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और घायल विनीत को हस्पताल में पहुंचाकर डीसीएम चालक को भागदौड़ करके पकड़ लिया। घटना की सूचना पुलिस ने घायल विनीत कुमार के परिजनों को दी। उधर घायल विनीत कुमार को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। इस मामले में अभी कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

## कानपुर में डिजीटल अरेस्ट के नाम पर ठगी, एटीएस चीफ बनकर ठगे 6.66 लाख

**कानपुर, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** आजकल ऐसा समय चल रहा हैं जहां हर नाम पर ठगी और फ्रॉड किया जा रहा है। दुनिया जितनी अत्यधुनिक हो रही है तो मानो साईबर ठगों को और ज्यादा तरीके मिल रहे हों। दिल्ली विस्फोट को लेकर अब साइबर ठग सक्रिय हो गए और आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता की धमकी देकर कानपुर में बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट करके 6.66 लाख ठग लिए। महिला ने सोमवार को साइबर थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। इस तरह के आधा दर्जन से ज्यादा ठगी के मामले कानपुर में सामने आने के बाद साइबर सेल और क्राइमब्रांच ने जांच शुरू कर दी है।बिरहाना रोड के पटकापुर में रहने वाली 62 साल की बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके पति का देहांत हो चुका है। बेटा बाहर नौकरी करता है और बेटी की शादी हो चुकी है। 10 नवंबर को हुए दिल्ली विस्फोट के कुछ घंटो बाद रात 8:22 बजे उन्हें एक कॉल आयी। कॉल करने वाले ने कहा कि वह एटीएस चीफ प्रेम कुमार गौतम बोल रहा है। इसके बाद उन्हें डरा धमकाकर वीडियो काल करने को मजबूर किया। फिर कहा, आपका आधार कार्ड मनी लाड्रिंग व आतंकी गतिविधियों में उपयोग हुआ है। जांच के नाम पर डरा धमकाकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया।

# रंजिश के चलते मजदूरी करने जा रहे युवक पर जानलेवा हमले का आरोप



**भोपा, 18 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में मजदूरी करने जा रहे भोपा निवासी युवक पर तीन बाइक सवार युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया, जिसके बाद पीड़ित के परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और तहरीर देकर गांव के ही दो युवकों सहित एक अज्ञात पर रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया। पुलिस ने घायल युवक को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा निवासी सचिन कुमार ने थाने पर पहुंचकर बताया कि उसके गांव के ही दो युवक उसके भाई पिंटू से रंजिश रखते हैं। सचिन ने बताया कि उसका भाई रोजाना की तरह मंगलवार सुबह मजदूरी करने के लिए मुजफ्फरनगर जा रहा था। जैसे ही वह थानाक्षेत्र के गांव कासमपुर के बाग के पास पहुंचा, तो बाइक पर दोनों आरोपी एक अज्ञात युवक के साथ पीछे से आए और उसके भाई को सरेराह रोक लिया और लाठी-डंडों से निर्ममता के साथ उसके साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि आरोपी तमंचा भी लिए हुए थे। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने किसी तरह पीड़ित को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाया, जिसके बाद आरोपी पिंटू को बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए, जिसके बाद पीड़ित ने मामले की सूचना अपने परिजनों को दी, जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को लेकर भोपा थाने पर पहुंचे। पीड़ित युवक के परिजनों ने आरोपियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल युवक का चिकित्सीय परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सहायक श्रमायुक्त ने जेई व एसडीओ को लाइनमैन का रोके गए वेतन का दो गुना वेतन लौटाने का आदेश दिया

## - सब स्टेशन उत्तरी घटायन के लाइनमैन के वाद पर सहायक श्रमायुक्त ने दिया निर्णय

**मीरापुर, 18 नवम्बर (बु.)।** मीरापुर बिजलीघर के उत्तरी घटायन सब स्टेशन पर कार्यरत एक लाइनमैन का करीब साढ़े चार माह का वेतन जेई व एसडीओ द्वारा रोके जाने पर लाइनमैन ने प्राधिकारी वेतन संदाय अधिनियम,1936/ सहायक श्रमायुक्त मुजफ़्फ़रनगर के यहाँ वाद दायर किया, जिस पर सहायक श्रमायुक्त ने वाद पर निर्णय सुनाते हुए जेई व एसडीओ को रोके गए वेतन की दोगुनी राशि एक लाख दस हजार रुपये तथा शासकीय व्यय 500 रुपये भी न्यायालय में जमा करने का आदेश दिया है। आदेश के बाद भी जेई व एसडीओ ने धनराशि जमा नहीं कराई है। घटायन निवासी राजकुमार पुत्र ब्रजपाल सिंह ने वर्ष 2018 से मई 2025 तक लाइनमैन के पद पर स्थायी रूप से मीरापुर बिजलीघर के सब स्टेशन उत्तरी घटायन पर काम किया था। राजकुमार के अनुसार उत्तरी घटायन सब स्टेशन के जेई नरेश कुमार व मीरापुर एसडीओ कृष्ण मोहन कुमार ने उसका जनवरी 2025 से मई तक का करीब साढ़े चार माह का वेतन 55,000 रुपये रोक लिया था। बार-बार गुहार के बाद भी उक्त वेतन उसे नहीं मिला, जिस पर राजकुमार ने जेई नरेश कुमार व एसडीओ कृष्ण मोहन कुमार के विरुद्ध प्राधिकारी वेतन संदाय अधिनियम,1936/ सहायक श्रमायुक्त मुजफ़्फ़रनगर के यहाँ वाद दायर किया था। बार-बार नोटिस के बावजूद भी जेई व एसडीओ उक्त न्यायालय में उपस्थित नही हुए, जिस पर प्राधिकारी वेतन संदाय अधिनियम,1936/ सहायक श्रमायुक्त मुजफ़्फ़रनगर ने लाइनमैन राजकुमार के पक्ष में 31-10-2025 को आदेश सुनाते हुए जेई नरेश कुमार व एसडीओ कृष्ण मोहन कुमार को आदेश दिया कि वह निर्णय के 30 दिन के अंदर श्रमिक राजकुमार की अवशेष वेतन धनराशि 55,000 रुपये और उस पर रख गुणा क्षतिपूर्ति 55,000 रुपये यानि कुल एक लाख दस हजार रुपये बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से तथा 500 रुपये नकद शासकीय व्यय के रूप में प्राधिकारी वेतन संदाय अधिनियम,1936/ सहायक श्रमायुक्त मुजफ़्फ़रनगर के न्यायालय में जमा करें। अन्यथा समस्त धनराशि की वसूली के लिए दोनों के विरुद्ध वसूली प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा, किन्तु जेई व एसडीओ ने 30 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद भी उक्त जमा नहीं कराई है, जिस पर लाइनमैन ने पुनः सहायक श्रमायुक्त न्यायालय मुजफ़्फ़रनगर में शिकायत की है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 124500 | चांदी- | 156000 |
| सिक्का- | 1750 | गिन्नी- | 92430 |

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 19 नवम्बर, 2025**

**मेष-** आरोग्य सुख, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ, पारिवारिक प्रसन्नता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

**वृषभ-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/37 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

**कर्क-** विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

**सिंह-** मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

**कन्या-** आज दिन 10/37 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन।

**तुला-** आज दिन 10/37 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोधकी अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि।

**वृश्चिक-** नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

**धनु-** दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

**मकर-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

**कुम्भ-** आज दिन 10/37 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

**मीन-** किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए दुनिया : विदेश मंत्री जयशंकर



**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** भारत ने मंगलवार को कहा कि दुनिया को आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) दिखानी चाहिए। इसके अलावा, भारत ने यह भी कहा कि इसको उचित नहीं ठहराया जा सकता और इसे छिपाया नहीं जा सकता। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमें आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और हम यह करते रहेंगे। जयशंकर ने कहा, भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए। एक विस्तृत एजेंडा तैयार किया जाना चाहिए और कार्यप्रणाली में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा, इन उद्देश्यों के लिए सकारात्मक और पूरा योगदान देंगे। एससीओ का गठन 2001 में शंघाई में किया गया था। इसकी स्थापना एक शिखर सम्मेलन के दौरान रूस, चीन, किर्गिजस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने। जुलाई 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित इस समूह के एक ऑनलाइन सम्मेलन में ईरान इसका स्थायी सदस्य बना। उन्होंने आगे कहा, हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ को आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए बनाया गया था। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए। इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता और इस पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। विदेश मंत्री ने वैश्विक स्तर पर मौजूदा आर्थिक हालात और प्रभावशाली समूह में बेहतर सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

# चकबंदी विभाग के खिलाफ 21 को महापंचायत का ऐलान



**मुजफ्फरनगर, 18 नवंबर (बु.)।** किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार और दूधली गांव में चकबंदी का गलत नक्शा 23 जारी करने के विरोध में बेमियादी धरना आज दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कचहरी परिसर में धरना स्थल पर संगठन के नेताओं ने कहा कि मामले को सुलझाने के लिए चकबंदी अधिकारियों के साथ हुई वार्ता बेनतीजा रही है। ऐसे में अब विभाग की मुठमर्दी के खिलाफ 21 नवंबर को कचहरी परिसर में ही महापंचायत की जाएगी और इसमें दूधली के साथ अन्य स्थानों पर चकबंदी अधिकारियों द्वारा की रही मनमानी का विरोध किया जाएगा। चरथावल इलाके के दूधली गांव में चकबंदी अधिकारियों पर मनमानी और पैसे लेकर भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए किसान मजदूर संगठन के युवा जिला अध्यक्ष बिल्लू राणा के नेतृत्व में कचहरी परिसर में किसानों का धरना आज भी जारी रहा। किसानों का आरोप है कि दूधली में चकबंदी की गड़बड़ियों को लेकर 8 नवंबर को ज्ञापन देने के बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। 12 नवंबर को एसओसी, डीडीसी व सीओ चकबंदी ने मामले का हल करने के लिए दो दिन का और समय मांगा था, लेकिन अभी भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का कहना है कि 25 अक्टूबर 2025 को वितरित किए गए नक्शा-23 में रकबे में कमी, गलत कीमत और अन्य त्रुटियों को लेकर बड़ी संख्या में आपत्तियां दर्ज थीं, लेकिन चकबंदी विभाग ने उन्हें दूर किए बिना ही नक्शा वितरित कर दिया। उन्होंने एसीओ अजय कुमार आर्य पर भेदभाव करने और कुछ किसानों के कार्य रिश्वत लेकर सही कराए, जबकि लगभग 90 प्रतिशत किसानों की समस्या अभी भी जस की तस है। किसानों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर मौजूदा नक्शा-23 को तत्काल निरस्त करने, गलत नक्शा-23 जारी करने पर अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच और आय से अधिक संपत्ति की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आपत्तियों को दूर करने के बाद नया नक्शा जारी किया जाए। आज इसे लेकर अधिकारियों के साथ हुई संगठन की वार्ता में कोई नतीजा नहीं निकला। इसके बाद किसान नेताओं ने ऐलान किया कि अब 21 नवंबर को इस मुद्दे पर कचहरी परिसर में ही महापंचायत की जाएगी।

# राजस्थान में मौसम की मार, माउंट आबू में पारा शून्य, बद्रीनाथ में झील-झरने जमे



**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** देश के कई हिस्सों में मौसम में बदलाव होना शुरू हो चुका है। ऐसे में भारत के थार रेगिस्तान माने जाने वाले राजस्थान में भी शीतलहर का कहर शुरू हो चुका है। पहाड़ी इलाकों से आ रही बर्फीली हवाओं से उत्तर भारत ठिठुर रहा है। दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में तापमान तेजी से लुढ़क रहा है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में पारा माइनस 8 डिग्री चला गया है, जिससे वहां झरने और झीलें जम गई हैं। राजस्थान में साल 2021 के बाद पहली बार नवंबर में टेम्परेचर 5 डिग्री से नीचे आ गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान फतेहपुर में सबसे कम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राज्य के 15 शहरों में तापमान 5 से 10 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। माउंट आबू में 15 साल में पहली बार नवंबर में ही पारा शून्य पर पहुंच गया है। इससे ओस की बूंदें जम गई। पिछले साल माउंट आबू में पिछले साल ओस की बूंदें 10 दिसंबर 2024 को बर्फ बनी थीं। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर और राजगढ़ समेत 26 जिलों में मंगलवार को शीतलहर की चेतावनी दी गई है। इंदौर में आज से स्कूलों की टाइमिंग सुबह 9 बजे से कर दी गई है। भोपाल में नर्सरी से 8वीं क्लास तक स्कूलों की टाइमिंग सुबह 8:30 बजे के बाद लगाने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली में सोमवार को 3 साल की सबसे ठंडी सुबह रही। सोमवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले नवंबर में सबसे कम तापमान 29 नवंबर 2022 को 7.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। वहीं, मंगलवार को भी कोहरा छाया हुआ है।

# वेतन की अनियमितता को लेकर विद्युत उपकेंद्र पर संविदा कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन



**भोपा, 18 नवम्बर (बु.)।** वेतन कटौती और अनियमित भुगतान को लेकर संविदा कर्मचारियों का आक्रोश फूट पड़ा और संविदा कर्मचारियों ने विद्युत उपकेंद्र भोपा पर धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई माह से पूरी निष्ठा के साथ ड्यूटी करने के बावजूद कर्मचारियों के भुगतान में कटौती की जा रही है, वहीं दो कर्मचारियों का कई माह काम करने के बाद भी वेतन नहीं दिया जा रहा है। विद्युत उपकेंद्र भोपा पर धरना-प्रदर्शन करते हुए संविदा कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि विद्युत उपकेंद्र पर बीते छह माह से तैनात अमित कुमार और मखियाली बिजलीघर पर तीन माह से कार्यरत मोनू को अब तक एक रुपये का भी वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि पूरा महीना ड्यूटी करने के बाद भी वेतन न मिलना उनके साथ सीधी ज्यादती है। वहीं कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं, जिनके वेतन में कटौती भी की जा रही है। सभी कर्मचारियों ने एक सुर में कहा कि लगातार आर्थिक संकट झेल रहे कर्मचारियों की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कई कर्मचारियों के घर में राशन तक का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि वेतन भुगतान में की जा रही अनियमितताओं की तुरंत जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही सभी कर्मचारियों को लंबित वेतन अविलंब दिया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो वे आंदोलन को व्यापक रूप देकर जिला मुख्यालय तक कूच करेंगे। संविदा कर्मचारियों का कहना है कि वे लगातार विद्युत आपूर्ति को सुचारु रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें पूरा वेतन तक न मिलना बेहद दुखद और अन्यायपूर्ण है। धरना स्थल पर कर्मचारियों का प्रदर्शन देर शाम तक जारी रहा और सभी ने कहा कि संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक उन्हें उनका पूरा हक नहीं मिल जाता। इस दौरान प्रवीण राठी, अफजाल, जतिन, सुशील कुमार, ओदीश शर्मा, अनुज कुमार, अश्वनी, उमाशंकर, अनिकेत, समद, अमित, आशु, अजय चौधरी आदि संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुनियाभर में चैटजीपीटी और एक्स करीब 2 घंटे से बंद, क्लाउडफ्लेयर डाउन होने से सर्विस गड़बड़ाई




**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, एआई चैटबॉट चैटजीपीटी और कैनवा की सर्विसेज देशभर में करीब 2 घंटे से बंद हैं। ये सर्विसेज मंगलवार शाम करीब 5:00 बजे से डाउन हैं। भारत समेत दुनियाभर में यूजर्स को लॉगिन, साइनअप, पोस्ट करने और देखने के अलावा प्रीमियम सर्विसेज सहित प्रमुख सुविधाओं का उपयोग करने में दिक्कत आ रही है। सर्वर डाउन होने की जानकारी देने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर भी बंद है। सर्वर प्रोवाइडर क्लाउडफ्लेयर के डाउन होने के कारण यह दिक्कत आई है। इससे जुड़ी करीब 75 लाख वेबसाइट्स पर भी असर पड़ा है। एक्स या चैट जीपीटी डाउन होने की वजह क्या है। क्लाउडफ्लेयर एक इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है, जो वेबसाइट और एप्लिकेशन को फास्ट, ज्यादा सेफ और ज्यादा भरोसेमंद बनाने के लिए सर्विस प्रोवाइड करती है। इसके डाउन होने से ये सर्विसेज डाउन हैं। क्लाउडफ्लेयर ने कहा कि उसे इस समस्या की जानकारी है और वह इसकी जांच कर रहा है। हम इस समस्या के पूरे प्रभाव को समझने और इसे कम करने के लिए काम कर रहे हैं। जल्द ही और अपडेट दिए जाएंगे।

# सऊदी को एफ-35 देने पर अमेरिकी एजेंसियां चिंतित, चीन को मिल सकती है एडवांस तकनीक



**वॉशिंगटन डीसी, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** अमेरिका ने सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने की तैयारी कर ली है, लेकिन अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां इस फैसले से चिंतित हैं। उनका कहना है कि अगर यह सौदा हुआ तो चीन को इन विमानों की एडवांस तकनीक तक पहुंच मिल सकती है। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अमेरिका दौरे के पर 48 एफ-35 विमानों की डील हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वे सऊदी को यह विमान बेचेंगे, क्योंकि वह अमेरिका का मजबूत सहयोगी है। लेकिन पेंटागन के कई अधिकारी इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मान रहे हैं। सऊदी अरब और चीन के बीच पहले से डिफेंस पार्टनरशिप है। पेंटागन के तहत आने वाली डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सऊदी को एफ-35 मिलने पर चीन उसके जरिए अमेरिकी स्टेल्थ तकनीक तक पहुंच बना सकता है। एफ-35 दुनिया का सबसे उन्नत स्टेल्थ फाइटर जेट है। इसकी तकनीक लीक होना अमेरिकी सैन्य बढ़त को कमजोर कर सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन लंबे समय से अमेरिकी सैन्य तकनीक की जासूसी कर उसकी नकल करता रहा है। एक्सपर्ट्स कहना है कि अगर सऊदी और चीन संयुक्त सैन्य प्रोजेक्ट या अभ्यास करते हैं, तो चीन को इन विमानों की रडार-एवॉयडेंस, सॉफ्टवेयर सिस्टम, और सेंसर तकनीक का अध्ययन करने का अवसर मिल सकता है। यही तकनीक चीन के अपने स्टेल्थ फाइटर जे-20 को और मजबूत कर सकती है। अधिकारियों का कहना है कि यह सौदा अमेरिका के लिए लंबी अवधि का सुरक्षा जोखिम होगा। वे आशंका जता रहे हैं कि सऊदी के साथ चीन की नजदीकियों को देखते हुए तकनीक की सुरक्षा सुनिश्चित करना मुश्किल होगा। मिडिल ईस्ट में एफ-35 सिर्फ इजराइल के पास है। अगर चीन को तकनीक का एक्सेस मिलता है तो वह इजराइल की सैन्य बढ़त को भी चुनौती देने वाली नई क्षमताएं बना सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने 6 महीने पुराना फैसला पलटा, पहले पर्यावरण के नियमों पर की टिप्पणी, अब कहा जरूरी नहीं

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को अपना ही 6 महीने पहले दिया फैसला मंगलवार को 2:1 के बहुमत से पलट दिया। अब से केंद्र सरकार उन सभी प्रोजेक्ट्स को क्लियरेंस दे सकेगी, जिन्होंने पहले ग्रीन नॉर्म्स का पालन नहीं किया था।

दरअसल, 16 मई 2025 को जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा था कि कोई भी माइनिंग और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट बिना एनवायरन्मेंटल क्लियरेंस लिए शुरू नहीं हो सकता। कोर्ट ने पाया था कि कई माइनिंग और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पहले ही शुरू कर दिए गए थे, लेकिन एनवायरन्मेंटल क्लियरेंस बाद में लिया गया था। इसलिए पहले के फैसले में केंद्र सरकार को पोस्ट-फैक्टो मिलने वाली पर्यावरण मंजूरी देने से रोक दिया गया था। ये क्लियरेंस मिनिस्ट्री ऑफ एनवायर्नमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज या स्टेट एनवायर्नमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी से मिलता है। यह प्रोजेक्ट के साइज और प्रभाव पर निर्भर करता है। इस फैसले को बदलने की कोई जरूरत नहीं थी और समीक्षा याचिकाएं खारिज होनी चाहिए थीं। पहले के बड़े फैसले कॉमन कॉज (2018) और एलेम्बिक (2020) में कहा गया था कि जिन प्रोजेक्ट को पहले से पर्यावरण मंजूरी लेनी जरूरी है, उन्हें पोस्ट-फैक्टो नहीं दी जा सकती। लेकिन बाद के कुछ फैसलों, जैसे डी. स्वामी ने इस नियम से हटकर फैसला दिया। उनके मुताबिक डी. स्वामी जैसे फैसले गलत मिसाल हैं, क्योंकि उन्होंने पुराने महत्वपूर्ण फैसलों को सही तरह नहीं माना। ऐसे फैसले बाद की बेंच पर लागू नहीं होते। इस वजह से वनशक्ति फैसले को बदलने का कोई आधार नहीं है

# उमर खालिद की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में बोली दिल्ली पुलिस, अन्यों के साथ समानता का दावा नहीं कर सकता आरोपी



**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार (18 नवंबर) को सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि उमर खालिद, दिल्ली दंगों की व्यापक साजिश मामले में सह-आरोपी देवांगना कलिता, नताशा नरवाल और आसिफ इकबाल तन्हा के साथ समानता का दावा नहीं कर सकते, क्योंकि दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उन्हें जमानत देने का 2021 का आदेश गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की गलत व्याख्या पर आधारित था। पुलिस की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि तीनों के पक्ष में दिल्ली हाईकोर्ट के 2021 के जमानत फैसले में यह गलत धारणा दी गई कि यूएपीए केवल "भारत की रक्षा" से संबंधित अपराधों पर लागू होता है, इसलिए धारा 43डी(5) के तहत जमानत पर वैधानिक प्रतिबंध लागू नहीं होता। राजू ने कहा कि जब हाईकोर्ट ने यह निष्कर्ष निकाला कि यूएपीए लागू नहीं होता तो उसने गलती से सीआरपीसी की धारा 437 के बजाय धारा 439 लागू कर दी, जो मृत्युदंड, आजीवन कारावास या सात साल तक की कैद से दंडनीय अपराधों पर लागू होती है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली पुलिस की चुनौती पर सुप्रीम कोर्ट ने देवांगना और अन्य की जमानत रद्द करने से केवल इसलिए इनकार कर दिया, क्योंकि जमानत रद्द करने का अधिकार जमानत खारिज करने के अधिकार से कम है। उन्होंने तर्क दिया कि अगर किसी फैसले या कानून की गलत व्याख्या के आधार पर जमानत दी जाती है तो समानता जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जमानत आदेश का इस्तेमाल अन्य अभियुक्तों द्वारा मिसाल के तौर पर नहीं किया जा सकता।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

**सम्पादक की क़लम से**

## प्रधानमन्त्री मोदी, शशि थरूर और कांग्रेस

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की कांग्रेस नेता शशि थरूर ने फिर तारीफ की है, इस तारीफ से कांग्रेस हैरान है। प्रधानमन्त्री ने कल रामनाथ गोयनका व्याख्यान में बोलते हुए बताया कि बीजेपी लगातार कैसे चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे विकास और लोगों की संवदेनाओं के प्रति कटिबद्ध रहने का भावनात्मक मोड ही है, जो बीजेपी को चुनाव जिताता है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव के नतीजों ने सभी राज्य सरकारों को स्पष्ट संदेश दिया है कि उनकी विकास नीतियां ही उनकी पार्टियों का भविष्य निर्धारित करेंगी, चाहे वे वामपंथी, दक्षिणपंथी या मध्यमार्गी दल हों। मोदी ने उन लोगों पर भी कटाक्ष किया, जो उन्हें और बीजेपी को हमेशा चुनावी मोड में रहने वाला कहते हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर पीएम मोदी की सराहना की है। उन्होंने पीएम मोदी के उस भाषण की तारीफ की, जिसमें 2035 तक भारत को मैकाले की मानसिकता से मुक्त करने की बात कही गई थी। थरूर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मोदी देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदुर के बाद ही से कांग्रेस नेता शशि थरूर के सुर बदले नजर आ रहे हैं। कांग्रेस सांसद होने के बावजूद शशि थरूर अक्सर सार्वजनिक मंच पर पीएम मोदी सहित सरकार के कई फैसलों की सराहना करते दिखाई देते हैं। उनके द्वारा प्रधानमन्त्री की तारीफ करने से कांग्रेस खेमे में खलबली मच जाती है। शशि थरूर द्वारा पीएम मोदी की तारीफों के पुल बांधे जाने के बाद सियासी पारा हाई होने के कयास लगाए जा रहे हैं। कल पीएम मोदी के भाषण के दौरान ऑडियंस की कतार में शशि थरूर भी मौजूद थे। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, कि भारत अब महज एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि दुनिया के उभरने की मिसाल बन चुका है। शशि थरूर ने आगे लिखा कि पीएम मोदी ने कहा कि उनपर हमेशा चुनावी मोड में रहने का आरोप लगता है, लेकिन लोगों की समस्याओं पर बात करते हुए वो इमोशनल मोड में रहते हैं। मैकाले की 200 साल की विरासत गुलामी की मानसिकता पर प्रहार करना पीएम मोदी के पूरे भाषण का सबसे दिलचस्प हिस्सा था। पीएम मोदी ने अगले 10 साल में भारतीय विरासत, भाषाओं और ज्ञान प्रणाली को गौरवपूर्ण तरीके से संवारने की अपील की है। शशि थरूर का कहना है,पीएम मोदी ने अपने भाषण में आर्थिक दृष्टिकोण के साथ-साथ संस्कृति को संवारने की हुंकार भरी। हालांकि, खांसी-जुकाम के बावजूद इस खास मौके पर दर्शकों के बीच बैठकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। पीएम मोदी के भाषण के दौरान शशि थरूर बीजेपी नेताओं के साथ बैठे थे। उनके बायीं ओर केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद बैठे थे और दायीं तरफ पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद थे। इससे पहले प्रधानमन्त्री मोदी ने बिहार में एनडीए की बड़ी जीत के बाद कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा था कि पार्टी का एक और विभाजन हो सकता है। अब शशि थरूर ने पीएम मोदी के भाषण की तारीफ कर दी। इसके बाद सियासी गलियारों में बहुत से कयास लगाए जा रहे हैं। बिहार चुनाव में कांग्रेस की हार से पार्टी का विभाजन हो न हो लेकिन पार्टी में अंतर्कलह बढ़ने की आशंका अवश्य जताई जा रही है। कर्नाटक में सीएम सिद्दारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार के बीच सीएम पद को लेकर टकराव तेज होता दिख रहा है। ऐसे में बिहार चुनाव के बाद ही राहुल गांधी के सामने बड़ी चुनौती आ गई है। बिहार में कांग्रेस की दुर्गति से पार्टी के भीतर ही कुछ नेता गदगद बताए जा रहे हैं। राज्य में कांग्रेस को केवल छह सीटों पर जीत मिली है। ऐसे में पार्टी के भीतर का अंतर्कलह और गहरा गया है। कर्नाटक में कलह साफ दिख रही है। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी सीएम पद लेकर लंबे समय से अंतर्कलह से जूझ रही है। मौजूदा सीएम सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच इस पद को लेकर टकराव किसी से छिपा नहीं है। शिवकुमार कैंप का दावा है कि 2022 में राज्य में मिली जीत के बाद सीएम पद को लेकर अढाई-अढाई साल का फॉर्मूला तय हुआ था। यानी पहले अढ़ाई साल सिद्दारमैया और फिर बाद के अढ़ाई साल डीके शिवकुमार सीएम होंगे। ये अढ़ाई साल की मियाद इसी महीने पूरी हो रही है। हालांकि, सिद्दारमैया ऐसी किसी डील से इन्कार करते रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर कर्नाटक की राजनीति गर्म है। बिहार चुनाव नतीजे आने के 24 घंटे के भीतर सिद्दारमैया और शिवकुमार दोनों दिल्ली में थे। सिद्दारमैया ने राहुल गांधी से मुलाकात की भी। हालांकि यह मुलाकात केवल 15 से 20 मिनट की थी। कर्नाटक कांग्रेस के ये दोनों प्रभावशाली नेता कपिल सिब्बल द्वारा लिखित पुस्तक के विमोचन में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे। एक पखवाड़े पहले मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि उन्होंने दिल्ली के अपने दौरे के दौरान मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा के लिए राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर ही यह मुलाकात हुई। उन्होंने संवाददाताओं से कहा था कि अगर मुझे चर्चा का अवसर मिला, तो मैं दिल्ली में ही रुकूंगा या वापस आऊंगा। सिद्धारमैया ने यह भी कहा था कि वह बिहार विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी आलाकमान के साथ मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा करेंगे। सिद्धारमैया द्वारा अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने पर जोर दिए जाने के साथ शिवकुमार की नयी दिल्ली में उपस्थिति से नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा फिर से तेज हो गई है। मंत्री जमीर अहमद खान के अनुसार कोई नवंबर क्रांति नहीं होगी। नवंबर क्रांति शब्द मंत्री के एन राजन्ना ने दिया था, जिन्होंने संकेत दिया था कि सरकार में बड़ा बदलाव होगा। बिहार चुनाव के नतीजों में कांग्रेस हाईकमान बैकफुट पर है। सियासी गलियारों में सवाल उठ रहा है कि क्या डीके शिवकुमार बगावती रुख अपनाएंगे? उनके कैंप का दावा है कि 2022 में राहुल गांधी ने खुद इस फॉर्मूले को अंतिम रूप दिया था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और अब बिहार में कांग्रेस की बुरी हार से हाईकमान की पकड़ कमजोर पड़ी है। राजनीति के जानकार इसे सिद्दारमैया के लिए अनुकूल बता रहे हैं। इसी कारण बिहार में कांग्रेस की दुर्गति से कहीं न कहीं सिद्दारमैया गदगद् बताए जा रहे हैं। उनको अपनी सीएम की कुर्सी सुरक्षित दिखने लगी है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'लहजा' 'मिजाज' 'पतन' 'सियासत'

ये हार-हार देख के थोड़ी तो शर्म हो,<br>
लहजा, मिजाज आप बदल जाना चाहिए।<br>
अब हो चुका पतन के सियासत बिखर गयी,<br>
अब तो जहालतों से निकल जाना चाहिए।

## यूपी के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में आज आएगी सम्मान निधि

**लखनऊ, 18 नवंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को कोयम्बटूर से किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त भेजेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से 4314.26 करोड़ भेजे जाएंगे। यूपी के किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक (20वीं किस्त के रूप में) 90,354.32 करोड़ की धनराशि भेजी जा चुकी है। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्त में दिए जाने की व्यवस्था है।

## डीएम की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बुस.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज सीएम डैशबोर्ड फैमिली आईडी 50 लाख की परियोजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड की प्रगति में सुधार लाया जाए, यदि जिन विभागों की प्रगति खराब रहती है, उसमें सुधार न हुआ, जिस कारण जनपद की रैंकिंग खराब होती है, तो संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 लाख की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं का निर्धारित समय अवधि में निर्माण शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना को हो रहे





निर्माण कार्य को समय-समय पर चेक किया जाए तथा प्रयोग होने वाली सामग्री को अवश्य चेक करते रहें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए निर्माणाधीन परियोजना को समय अंतर्गत पूर्ण किया जाय, जो परियोजना पूर्ण हो गई है, उनको संबंधित विभाग को शीघ्र हैंड ओवर करें। उन्होंने फैमिली आईडी बनाए जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से खंड विकास अधिकारियों तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए ब्लॉक स्तर,नगर पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर फैमिली आईडी को बनाया जाए, इस कार्य में शिथिलता ना बरतने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आशादीप मूक-बधिर एवं मन्द बुद्धि संस्थान में दिव्यांग बच्चों को गर्म जर्सी एवं जुराब का वितरण हुआ

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बुस.)।** आशादीप मूक-बधिर एवं मन्द बुद्धि बाल प्रशिक्षण संस्थान में इं. आर.के. गोयल सचिव की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों को रोटेरी क्लब अचीवर्स की ओर से शिल्पी गुप्ता, यशु गोयल, आकृति एवं विवेक गुप्ता द्वारा बच्चों को गर्म जर्सी का वितरण किया गया तथा इनरव्हील क्लब इरा की ओर से उषा, संतोष, रेखा गर्ग एवं बबीता सिंघल द्वारा समस्त दिव्यांग बच्चों को जुराब तथा संस्थान के स्टाफ को जूट के थैले वितरित किए गए। दोनों क्लब की पदाधिकारी मातृ शक्ति ने संस्थान की शिक्षिकाओं, प्रधानाचार्य एवं संस्थान के संचालक मंडल का धन्यवाद किया। संस्थान की ओर से नरेश कुमार गुप्ता प्रभारी उप मंत्री एवं रामबीर सिंह सदस्य कार्यकारणी द्वारा बहन शिल्पी एवं अन्य उपस्थित मातृ शक्ति का समय समय पर संस्थान को किये जाते रहे उनके योगदान पर धन्यवाद प्रकट किया तथा भविष्य मे भी इसी तरह संस्थान से जुड़े रहकर योगदान की आशा प्रकट की। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने मे ब्रजमोहन शर्मा प्रधानाचार्य, मीना, जीवनी, शारदा, शर्मिष्ठा, शिवानी शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। आयोजन के अंत में नरेश गुप्ता एवं रामबीर सिंह द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।






## डीएम ने कांस्य पदक विजेता शूटर असद अली को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बुस.)।** शूटिंग के क्षेत्र में ज़िले का नाम रोशन करने वाले शूटर सैयद असद अली को डीएम उमेश मिश्रा ने सम्मानित किया। पारस नाथ स्ट्रीट निवासी असद अली ने हाल ही में पटियाला में आयोजित 0175 वीं समस्त भारत प्रतिस्पर्धा में असद अली ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में अपने सटीक निशाने का प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक अपने नाम किया डीएम उमेश मिश्रा ने असद अली को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और स्वयं उन्हें पदक पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएम ने असद अली की हौसला आफजाई करते हुए भविष्य में भी इसी तरह ज़िले और प्रदेश का नाम रोशन करने का ओर युवाओं को भी प्रेरित करने की अपील की।



## नशा न करने तथा नगर को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई

**मुजफ्फरनगर, 18 नवंबर (बु.)।** पालिका परिसर के पार्क में नशा मुक्ति दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डीपीएम सुशील कुमार द्वारा सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को नशा न करने तथा नगर को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने नशे को सामाजिक बुराइयों की जड़ बताते हुए कहा कि इससे परिवार की बर्बादी के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। इसके अलावा शराब पीने वालों को स्वास्थ्य के रूप में बड़ा नुकसान होता है। ऐसे में इस बुराई को जड़ खत्म करने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। इस मौके पर योगेश कुमार, पलक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, रुचि शामा व कपिल आदि उपस्थित रहे।



## राम मंदिर ध्वजारोहण में पीएम के दौरे की तैयारियों की सीएम योगी ने की समीक्षा

**अयोध्या, 18 नवंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होने वाले राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों को परखने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को रामजन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां उनकी मौजूदगी में ध्वजारोहण का ट्रायल सफलतापूर्वक हुआ। ट्रायल के दौरान ध्वज स्तंभ की तकनीकी क्षमता, रस्सी संचालन, सुरक्षा घेरा और भीड़ प्रबंधन की सूक्ष्मता से जांच की गई। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों व अधिकारियों के साथ करीब दो घंटे तक कार्यक्रम स्थलों का विस्तृत निरीक्षण कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ध्वजारोहण समारोह रामराज के आदर्शों, मयार्दा, सद्भाव और लोक कल्याण का साक्षात संदेश देगा। इसलिए किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री 22 व 24 नवंबर को एक बार फिर अयोध्या आएंगे। इस दौरान वह सुरक्षा व्यवस्था, अतिथि प्रबंधन, यातायात योजना और मंच व्यवस्था की अंतिम समीक्षा करेंगे। ध्वजारोहण से जुड़े सभी विभागों को उनकी अगली समीक्षा तक शत-प्रतिशत तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 40 से 60 चार्टर प्लेन के लिए लेन मैनेजमेंट की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह भी प्रयास रहेगा कि वीआईपी के आने से यहां पहुंचने व यहां से बाहर जाने वाले यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न होने पाए।



## जागरूकता की अलख जगाएंगे, डायरिया को दूर भगाएंगे : सीएमओ

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बुस.)।** शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को लेकर जनपद में एक अनूठी जन स्वास्थ्य पहल की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का मंगलवार को एक स्थानीय होटल में भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने की। उन्होंने कहा कि जन-जन में जागरूकता की अलख जगाते हुए जनपद से डायरिया को दूर भगाएंगे। सीएमओ ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियंत्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) चलाया जा रहा है, जिसे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से और बल मिलेगा। इसके तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। आशा कार्यकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं और देखभालकर्ताओं का क्षमतावर्धन किया जाएगा जो कि दस्त प्रबन्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा बच्चों में ओआरएस और जिंक का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा, डायरिया की शीघ्र पहचान करने के साथ ही मामलों के उच्च कवरेज और प्रबन्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए सीनियर मैनेजर प्रोग्राम अनिल द्विवेदी ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम और महिला आरोग्य समितियों के सदस्यों को डायरिया के प्रमुख बिदुओं के बारे में प्रशिक्षित करने के साथ ही ओआरएस की महत्ता, शीघ्र स्तनपान और छह माह तक सिर्फ स्तनपान के फायदे के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। हाथ धुलने की सही विधि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन तक डायरिया से बचाव के प्रमुख सन्देश पहुंचाए जायेंगे। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) और शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों को भी जोड़ा जाएगा। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों और अस्पतालों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जायेगा। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अलका सिंह ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित ओआरएस को दस्त के इलाज के लिए गोल्ड स्टैण्डर्ड माना गया है। डायरिया की शुरूआत में ही पहचान कर ओआरएस का घोल दिया जाए, तो गंभीर स्थिति तक पहुँचने से बच्चे को बचाया जा सकता है। 24 घंटे में यदि तीन बार पतली दस्त आ रही है, तो यह डायरिया के लक्षण हो सकते हैं और यह लम्बे समय तक बनी रहे तो यह गंभीर डायरिया का रूप ले सकती है। निजी क्षेत्र में अब लिक्विड के रूप में निर्मित ओआरएस का घोल उपलब्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन से एसएमओ डॉ. ईशा ने रोटा वायरस वैक्सीन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिशु को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराएँ और छह माह तक बच्चे को मां के दूध के अलावा कोई भी बाहरी चीज न दें। मुजफ्फरनगर में इस पहल के शुभारंभ पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय साही ने कहा कि डायरिया को रोकने के लिए स्वच्छता पर ध्यान देना भी जरूरी है। पीएसआई इंडिया से मैनेजर प्रोग्राम कोमल ने उत्तर प्रदेश के 13 जिलों में चल रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी। मुजफ्फरनगर में इस पहल के शुभारंभ पर केनव्यू के सेल्फ केयर बिजनेस यूनिट हेड, प्रशांत शिंदे ने कहा कि सरकार के डायरिया रोको अभियान को मजबूती देने के उद्देश्य से 'डायरिया से डर नहीं की एक बहुवर्षीय पहल की गई है। इस पहल का उद्देश्य पांच साल से कम उम्र के कमजोर बच्चों को एकीकृत दस्त प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षित बनाना है। इसमें ओआरएस के कवरेज के विस्तार पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए डॉ. दिव्यांक दत्ता ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक, जिला स्वास्थ्य शिक्षा और सूचना अधिकारी डॉ. गीतांजलि, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर प्रवीण पाल, पीएसआई इंडिया से भारती रावत, शोभित सक्सेना, आदि उपस्थित रहे।



## भाकियू(अ) प्रवक्ता परीक्षा कराए जाने को लेकर कुलपति से मिले

**बुढ़ाना, 18 नवम्बर (बु.)।** डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना के छात्रों के भविष्य को लेकर मां शाकुंभरी देवी विश्विद्यालय की कुलपति वाई विमला से पूर्व विधायक उमेश मलिक ने मुलाकात कर छात्रों की परीक्षा एवं पढ़ाई के लिए राजकीय डिग्री कॉलेज शाहपुर से सम्बन्द्ध करने की मांग की, जिस पर कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक को संबद्ध के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार आज मंगलवार के दिन पूर्व विधायक उमेश मलिक और भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक के साथ छात्र नेताओं ने कुलपति से मुलाकात कर बुढ़ाना डीएवी डिग्री कॉलेज के छात्रों की परीक्षा एवं पढ़ाई के लिए राजकीय डिग्री कॉलेज शाहपुर से संबद्ध करने की मांग करते हुए कहा कि कॉलेज के बंद होने से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में है। उमेश मलिक ने कहा कि सैकड़ों छात्रों ने मेरे पास आकर अपने भविष्य को लेकर आशंका व्यक्त करते हुए निदान के लिए आग्रह किया था। छात्रों की समस्या से अवगत होकर मुझे अहसास हुआ कि इससे छात्रों का वर्ष खराब हो सकता है। इस पर कुलपति द्वारा तुरंत परीक्षा नियंत्रक राजीव कुमार को बच्चों की परीक्षा शाहपुर में कराने एवं नियमित रूप से पढ़ाई हेतु शाहपुर में संबंध किए जाने के लिए बुधवार तक आदेश निर्गत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिकल के नाम पर फीस लेने वाले कॉलेजों पर भी कार्यवाही कर लगाम लगाने के लिए कदम उठाए जायेंगे। धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि बच्चों की आंतरिक परीक्षा का समय बढ़ाया जाये एवं राजकीय डिग्री कॉलेज शाहपुर में आंतरिक परीक्षा कराई जाए। यहां जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मोनू मलिक, पूर्व सभासद कुलदीप बागड़ी, अंकुश राठी, छात्र नेता वीशू मलिक, विपिन लाठियान, आर्यन बालियान कपिल बालियान, सचिन, अमृत पांचाल और कुलदीप आदि ने प्रधानाचार्य का अप्रूवल निरस्त किए जाने और प्रोजेक्ट फीस कम करने की भी मांग उठाई।



## कमिश्नर साहब किसानों को भ्रष्टाचारियों से बचाओ

**मुजफ्फरनगर, 18 नवंबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त से वार्ता के दौरान किसानों की तमाम समस्याओं के समाधन की मांग की। किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक डॉ रूपेश कुमार मंडलायुक्त की अध्यक्षता में कार्यालय पर हुई। भाकियू अ. की ओर से इस दौरान मंडलायुक्त को दिए ज्ञापन में कहा गया कि रियल टाइम खतौनी बनाते समय किसानों के अंश निर्धारण, नाम में अधिकतर त्रुटियां है जिससे किसानों को फसली ऋण आदि नहीं मिल पा रहे हैं। किसानों को तहसील में चक्कर लगाते हुए एक वर्ष बीत गया है किसानों को मुकदमा डालने की सलाह दी जा रही है जिससे 80% किसान मुकदमों में उलझ जाएंगे। अंश निर्धारण में त्रुटि ठीक करने हेतु गांव में चौपाल लगाकर ठीक किया जाए। जिसका रोस्टर पूर्व में जारी किया जाय । किसान के सभी खसरों का एक खाता बनाया जाय। तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने हेतु 5 वर्ष से अधिक नौकरी कर चुके लेखपालों का स्थानांतरण अन्य तहसीलों में किया जाय। लेखपाल सहायक के नाम से कार्य करने वाले लोगों को जेल भेजा जाय। विरासत समय पर दर्ज न करने वाले लेखपालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाय। मंडल में सभी जनपदों में किसान चकबंदी से पीड़ित है। 80% से अधिक कार्य पूर्ण हो चुके गांव को तीन माह एवं 10 साल से अधिक समय वाले गांव को शून्य करने के बाद ही नए गांवों में चकबंदी में शामिल किया जाय। किसानों का थानाभवन, भैंसाना, गंगनौली, गोगर शुगर मिल पर बकाया किसानों का गन्ना भुगतान कराया जाय। किसानों को समय पर रासायनिक खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए । भारी मात्रा में किसानों को नकली खरपतवारनाशक, रासायनिक खाद नकली बेचा जा रहा है। जिप्सम की गोली, पोटाश दाने के नाम पर नकली एनपीके मिश्रण तैयार कर नामचीन कम्पनी जैसे इफको, कृभको, आईपीएल के बैग में भरकर बेचा जा रहा है। मंडल में इस तरह की इकाइयों की नियमित रूप से निगरानी की जाय। कृषि रक्षा केंद्रों पर खाद, दवाई,बीज की मूल्य सूची लगाई जाय। आवारा पशुओं से मुक्ति के साथ गौशालाओं की नियमित समीक्षा की जाय एवं गांव में परिवार रजिस्टर की तर्ज पर पशु रजिस्टर भी बनाने की मांग भी की गई। ब्लॉक स्तर पर सीमन बैंक, पशुओं में बांझपन, थनैला महामारी से मुक्ति, सहकारी समिति, सहकारी बैंकों से क्रेडिट कार्ड की सब्सिडी वापस दिलाने, नलकूपों की चोरी पर प्रभावी रोक लगाने की मांगे भी शामिल हैं। मंडलायुक्त ने सभी मांगों पर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कमिश्नर से भेंट करने वालों में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक,जगपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, शेरपाल राणा मंडल अध्यक्ष, कालेन्द्र मलिक जिलाध्यक्ष शामली, कुशलवीर सिंह मंडल प्रभारी युवा, सुदेशपाला जिलाध्यक्ष सहारनपुर, बलराम सिंह, अजय पिंडौरा रिषीपाल सिंह, उपेंद्र मलिक, निखिल चौधरी, कुलवीर सिंह, राजू ब्लॉक अध्यक्ष, सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।



## एसएसके पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बुस.)।** एसएसके पब्लिक स्कूल, रूड़की रोड व एसएसके कान्वेन्ट स्कूल, गांधी कॉलोनी के चल रहे संयुक्त खेल प्रतियोगिताओं का दो दिवसीय कार्यक्रम एसएसके पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ। आज द्वितीय दिवस में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में खो-खो में एसएसके पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्रों विजयी रहे, जबकि एसएसके कान्वेंट स्कूल के छात्रों का प्रदर्शन अति उत्तम व उत्साहवर्द्धक रहा। एसएसके कान्वेंट स्कूल के छात्र/छात्राएं बेडमिन्टन तथा चेस में विजयी रहे। 200 मीटर व 100 मीटर की दौड़, चेयर रेस, लेमन रेस, कैरम आदि फ्रैंडली गेम्स में दोनों विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्ण प्रतिभाग किया। वालीबॉल में कक्षा-10 व 11 के छात्रों ने अत्यन्त सुन्दर प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगितओं के समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओम, देव, सलमान, अनस, फरहान, मानवी, हिफ्जा, अराध्या, सार्थक, मिस्बा, अदिति, शाहनूर, तपिश, लविश, दीपक, चेतन, प्रियांशी, आयशा, अनन्त, रिदिमा, हरकिरत, सीतर, चिराग, नेहा, विराट, विधिका, लावण्या, आदविक आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर दो दिवसीय कार्यक्रमों का समापन करते हुए दोनों विद्यालयों के निदेशक, भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष व एमडीए के शासन द्वारा नामित सदस्य शरद शर्मा द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन पर दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं सहित समस्त स्टाफ को बधाई प्रेषित की।



## राठी खाप की मीटिंग में कुरीतियों को समाप्त करने पर दिया बल

**बुढ़ाना, 18 नवम्बर (बु.)।** राठी खाप के चौधरी अजीत सिंह हिम्मतपुर सूजती का आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव शाहडब्बर में तेजवीर सिंह के आवास पर गांव सोरम जाते समय सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत हुआ। यहां आयोजित एक मीटिंग में राठी खाप के चौधरी अजीत सिंह हिम्मतपुर सूजती ने कहा कि समाज में जो बुराईयां फैल रही हैं, हमें उनको दूर करने के लिए आगे आना चाहिए। आज हमारे बच्चे सोशल मीडिया को ही अपनी बड़ी कामयाबी समझकर अपना तन, मन, धन सभी कुछ बर्बाद कर रहे हैं। नशाखोरी और दहेज प्रथा के साथ-साथ मृत्यु भोज पर भी अंकुश बहुत जरुरी है। हमें चाहिए कि हम इन बुराइयों को छोड़ें और एक नेक इंसान बनें। हिम्मतपुर सूजती गांव के प्रधान सनुज राठी ने कहा कि हम सोरम पंचायत में जाकर सामाजिक मुद्दों की बात रखेंगे। समाज में सुधार कैसे हो इस पर चिंतन बहुत ही जरुरी है। अगर हम अभी भी नहीं चेते तो आने वाले समय में हमें इसका बहुत बड़ा नुकसान होगा। इसलिए आज हम सभी यहां पर बुराइयों को त्यागने का प्रण करें। यहां सभी ने छात्र उज्जवल राणा की मृत्यु पर दो मिनट का मौन धारण किया। यहां पर तेजवीर सिंह राठी, पूर्व प्रधान धर्मवीर सिंह, उमंगपाल सिंह, उपेंद्र राठी, जितेंद्र राठी, विनोद राठी, अभय सिंह राठी, अंकुर राठी, बोबी राठी, विजय पाल सिंह राठी, महीपाल सिंह राठी, सुनील राठी, पवन राठी, प्रभाष राठी, जोगिंद्र राठी और कुलदीप राठी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।





## सपा प्रतिनिधिमंडल ने एसआईआर में लापरवाही को लेकर की डीएम से मुलाकात

**मुजफ्फरनगर, 18 नवंबर (बु.)।** लगातार जिले भर से मतदाताओं द्वारा एसआईआर को लेकर मिल रही शिकायतों को लेकर सपा प्रतिनिधिमंडल ने सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिलकर शिकायतों से अवगत कराया। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट सपा महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा सपा प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर के साथ सपा नेताओं ने जिलाधिकारी से मिलकर बताया कि अधिकतर बीएलओ घर घर गणना फार्म न देकर किसी व्यक्ति के घर पर लोगों को बुलाकर दे रहे हैं वहीं गणना फार्म भी दो फार्म के स्थान पर एक फॉर्म की शिकायत तथा गणना फार्म के साथ किसी दस्तावेज की अभी मांग न होने पर भी दस्तावेज की मांग करके भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। उन्होंने मांग रखी कि निर्वाचन को लेकर प्रशासन की मीटिंग की सूचना एक दिन पूर्व व जागरूकता तथा मतदाताओं को सही जानकारी हेतु प्रसार कैंप आयोजित किए जाने की मांग रखी। जिलाधिकारी द्वारा उक्त शिकायतों पर सभी एसडीएम को शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। सपा प्रतिनिधिमंडल में सपा नेता सोमपाल सिंह कोरी, साजिद हसन, धर्मेंद सिंह नीटू, पवन बंसल, नदीम मलिक, अविनाश कपिल, बालेंद्र मौर्य, तरुण सौदे एडवोकेट, डॉ इसरार अल्वी, इरफान मलिक,हुसैन राणा, तरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आमिर खान की घिनौनी करतूतः राजा बनकर बनाता रहा संबंध, बिना विवाह के बनाया दो बच्चों की मां

**मुरादाबाद, 18 नवंबर (एजेंसी)।** मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से आमिर खान उर्फ यासीन ने अपना नाम राजा बताकर दोस्ती करने के बाद शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। पीड़िता को आरोपी के बारे में जानकारी हुई तो आरोपी ने उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे बंधक बना लिया और उससे देह व्यापार कराने की कोशिश की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी, उसके मां बाप समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़िता ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि आरोपी आमिर खान उर्फ यासीन ने उससे फोन के जरिए दोस्ती कर ली थी। आरोपी ने उससे बताया कि वह हिंदू और उसका नाम राजा है। पीड़िता ने आरोपी की बातों पर विश्वास कर लिया और उससे बातचीत करने लगी। एक दिन आरोपी उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और कई जगह उसे किराये के मकान में रखा और शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। पीड़िता ने शादी के लिए कहा तो आरोपी ने टालमटोल कर दिया।



## एक करोड़ का इनामी टॉप नक्सली कमांडर हिडमा मारा गया



**रायपुर, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुख्यात नक्सली कमांडर माडवी हिडमा को एनकाउंटर में मार गिराया गया। हिडमा पर कुल मिलाकर एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम था। गृह मंत्री अमित शाह ने 30 नवंबर 2025 की डेडलाइन रखी थी, उससे पहले सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली। गृहमंत्री अमित शाह ने आला सुरक्षा अधिकारियों से बात की और उन्हें सफल ऑपरेशन के लिए बधाई दी। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामाराजू जिले में मंगलवार को आंध्र-ओडिशा सीमा क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी कमांडर माडवी हिडमा समेत छह माओवादी मारे गए। यह मुठभेड़ मारेडुमिली वन क्षेत्र में उस समय हुई, जब छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा की पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान में लगे हुए थे। माओवादी विरोधी अभियानों में हिडमा की हत्या को सुरक्षा बलों की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह गोलीबारी उस समय हुई, जब सुरक्षाबलों ने माओवादियों के एक समूह को घेर लिया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इसके बाद, माओवादियों ने कथिततौर पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे सुरक्षाकर्मियों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। सुरक्षाबल कुछ माओवादियों की तलाश में अभियान जारी रखे हुए थे, जिनके जंगलों में गहरे भाग जाने का संदेह था।

## सऊदी में ही दफनाए जाएंगे 45 भारतीयों के शव

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** सऊदी अरब के मक्का-मदीना हाईवे पर रविवार देर रात हुए बस हादसे में जान गंवाने वाले 45 भारतीय नागरिकों के शव वापस नहीं लाए जाएंगे। ये सभी उमरा (इस्लामी तीर्थयात्रा) के लिए सऊदी गए थे। तेलंगाना मंत्रिमंडल ने कल फैसला लिया है कि मारे गए लोगों को उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के मुताबिक सऊदी अरब में ही दफनाया जाएगा। हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जाएंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिजन को शव भारत वापस लाने या मदीना के जन्नतुल बकी में दफनाने का ऑप्शन दिया जाएगा, हालांकि सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है। वहीं, पीड़ित परिवारों को तुरंत मुआवजा मिलना भी काफी मुश्किल है, क्योंकि सऊदी अरब में सड़क दुर्घटनाओं में सरकार की ओर से कोई सीधा मुआवजा नहीं दिया जाता। मुआवजा तभी मिल सकता है, जब पुलिस जांच में टैंकर ड्राइवर या कंपनी की गलती साबित हो और परिवार कानूनी दावा दायर करे। यह प्रक्रिया कई महीनों तक चल सकती है।

## 2 दरोगा और 2 बैंक मैनेजर से शादी रचाने वाली दुल्हन अरेस्ट

**कानपुर, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** 12 लोगों को फंसाया, 4 शादी की...पहले 2 बैंक मैनेजर, फिर 2 दरोगा दूल्हे बने...खाते में 8 करोड़ रुपए...यह कहानी है कानपुर की एक दुल्हन की। जिसका मकसद शादी के जाल में लोगों को फंसाकर रुपए ऐंठना ही है। इस लुटेरी दुल्हन को कानपुर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। दुल्हन दिव्यांशी ने दो बैंक अधिकारियों समेत 12 से अधिक लोगों को अपने जाल में फंसा कर रकम ऐंठी थी। वह पहले अपने प्यार के जाल में फंसाकर लोगों से रिलेशन बनाती थी। फिर रेप का केस दर्ज कराकर उनसे रकम ऐंठती थी। दिव्यांशी ने पहले दो बैंक मैनेजरों से शादी की, फिर उन पर रेप का केस करा दिया था। कोर्ट में ट्रायल के दौरान वह अपने बयान से पलट गई। इसके बाद मेरठ में ही तैनात एक दरोगा से शादी रचाई। कुछ दिन बाद दरोगा पर भी फर्जी रेप केस दर्ज करा दिया। दिव्यांशी पर शिकंजा तब कसा, जब कानपुर के ग्वालटोली थाने में तैनात दरोगा आदित्य कुमार लोचव ने उसकी शिकायत की। दरोगा के साथ हुए हैरेसमेंट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दो बार सुसाइड करने का भी प्रयास किया था। इसके बाद पुलिस ने दिव्यांशी की जांच शुरू की।







## लड़ाई गोरों से नहीं सामाजिक बुराइयों से है

### भगत सिंह के वंशज किरणजीत सिंह बोले

**शाहपुर, 18 नवम्बर (बु.)।** शहीदे आजम भगत सिंह के वंशज किरणजीत सिंह ने सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत में पहुंचने से पूर्व किसान मसीहा भाकियू संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत व सर्वखाप मंत्री चौधरी कबूल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद समाज में कई समस्या आ गई हैं। उन्होंने कहा कि आज लड़ाई गोरों से नहीं सामाजिक बुराइयों से है। उन्होंने कहा कि समाज में अंधविश्वास व धर्मान्धता आ गई है। सर्वखाप महापंचायत इन्हें दूर करने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया, जिसके चलते नारा दिया गया पगड़ी संभाल जट्टा। सभी इस परंपरा को आगे बढ़ाएं। उन्होंने शहीदे आजम भगत सिंह के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शहीदे आजम कहा करते थे किसान मजदूर साथ चले तो आजादी मिलेगी। गांव सोरम के शहीद भगत सिंह सेवा समिति के सदस्यों ने उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया तथा जुलूस के रूप में महापंचायत स्थल पर लेकर आए। इस दौरान प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, जसपाल सिंह, देश वीर सिंह, सोनू, रविंद्र कुमार, सीटू बालियान, डॉ. लोकेंद्र बालियान आदि मौजूद रहे।

## टिकैत और चौधरी अजित सिंह के रास्ते पर चल रहे हैं

**शाहपुर, 18 नवम्बर (बु.)।** रालोद विधान मंडल दल के नेता व क्षेत्रीय विधायक राजपाल सिंह बालियान ने कहा कि उन्होंने भाकियू के गठन के साथ किसान मसीहा व भाकियू संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत व रालोद अध्यक्ष व किसान नेता स्व. चौधरी अजीत सिंह ने समाज में व्याप्त कुरीतियां पर को दूर करने का कार्य किया है। दोनों ने उन्हें सामाजिक जीवन में बहुत कुछ सिखाया है। वह उसे समाज में उतारने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत आयोजित होनी चाहिए।

## जाट महासभा सभी फैसलों के समर्थन में

**शाहपुर, 18 नवम्बर (बु.)।** जाट महासभा ने सर्वखाप पंचायत को अपनी पूर्ण शक्ति, सम्मान और समर्पण के साथ समर्थन दिया तथा खाप चौधरियों द्वारा लिए गए प्रत्येक निर्णय पर कंधे से कंधा मिलाकर समाज के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अध्यक्ष धर्मवीर बालियान, जिला महासचिव जयवीर सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश बालियान, युवा जिलाध्यक्ष राहुल पवार, शाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष श्रद्धा पाल, बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम राठी, अमित कुल्हाड़ ब्लॉक महासचिव, शाहपुर तथा समाज के अनेकों सम्मानित, वरिष्ठ व बुद्धिमान व्यक्तियों से मिलना हुआ।

## भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन लाभ उठाया

**शाहपुर, 18 नवम्बर (बु.)।** गांव सोरम में आयोजित तीन दिवसीय सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत में त्यागी समाज के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में त्यागी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और महापंचायत में आए लोगों की सेवा की। मंगलवार को महापंचायत के समापन के साथ भंडारे का समापन किया गया। इस दौरान गांव चांदपुर के प्रधान डॉ कुलदीप त्यागी, राजू त्यागी, मोनू त्यागी, नीटू त्यागी, अफलातून त्यागी, समयदीन त्यागी, अंकित त्यागी, अमन त्यागी व बॉबी त्यागी आदि मौजूद रहे।



**शेष समाचार : लिव इन और प्रेम...**

लैंगिक अनुपात बिगड़ गया है। पिछले 30 वर्षों में यह प्रकृति बहुत बढ़ गयी है। पहले तो अजन्मे बच्चे की हत्या करने का अपराध करते हैं फिर लड़कों की शादी के लिए समस्या उत्पन्न होती है। पंचायत समाज से अपील करती है कि इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

5. **लिव इन रिलेशनशिप व समलैंगिकता**– लिव इन रिलेशनशिप व समलैंगिक विवाह एक सामाजिक अभिशाप है। यह भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं है। इस कुरीति का पंचायत पूर्णतः विरोध करती है तथा सरकार से मांग करती है कि इन दोनों कानूनों को समाप्त करके पूर्णतः प्रतिबन्धित किया जाए।
6. **प्रेम विवाह**– कोई भी प्रेम विवाह माता-पिता की सहमति के बिना नहीं होना चाहिए। पंचायत सरकार से मांग करती है कि हिन्दू विवाह अधिनियम में परिवर्तन करके प्रेम विवाह के केस में माता-पिता की सहमति को अनिवार्य कर दिया जाए।
7. **शिक्षा**– समाज में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। बालिका शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। पंचायत समाज से अपील करती है कि सभी अपने परिवार व बच्चों को समय दें, जिससे बच्चे संस्कारवान बनें।
8. **पर्यावरण**– पंचायत खापों से अपील करती है कि खापें अपने-अपने क्षेत्र में पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु बच्चों के जन्मदिवस एवं अपने पूर्वजों की याद में वृक्षारोपण करें व दिन-प्रतिदिन गिरते हुए भू-जलस्तर को रोकने के लिए जल का सदुपयोग किया जाए व जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए, जिससे जल-जंगल-जमीन को बचाया जा सके।
9. **गौवंश संरक्षण व संवर्धन**–सामाजिक व ग्रामीण परिवेश को संरक्षित करने के लिए पंचायत प्रस्ताव पारित करती है कि गौवंश संरक्षण व संवर्धन को बढावा दिया जाए।
10. **युवाओं और महिलाओं की भागीदारी** –पंचायत खाप चौधरियों, खाप पंचायतों में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने हेतु सार्थक प्रयास किए जाएं।
11. **अब 10 साल बाद महापंचायत**– पंचायत सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित करती है कि ऐतिहासिक सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत को प्रत्येक 10 वर्षों में सर्वखाप पंचायत मुख्यालय सोरम, शाहपुर, मुजफ्फरनगर में आयोजित किया जाए।

# अल फलाह का मालिक जावेद अहमद सिद्दीकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसी)। ईडी ने मंगलावर को अल फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएल), 2002 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई अल फलाह से जुड़े परिसरों पर हाल ही में हुई सर्च कार्रवाई के दौरान मिले सबूतों और विस्तृत जांच के आधार पर की गई है। यह मामला ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर से जुड़ा है, जिसकी जांच इन दिनों जारी है। ईडी ने अल फलाह ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई दो एफआईआर के आधार पर शुरू की थी, जो दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दर्ज की थीं। इन एफआईआर में आरोप है कि फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से मान्यता प्राप्त होने का फर्जी दावा किया, जिससे छात्रों, अभिभावकों और अन्य स्टेकहोल्डर्स को भ्रमित कर गलत तरीके से लाभ कमाया गया। एफआईआर में यह भी उल्लेख है कि विश्वविद्यालय ने यूजीसी एक्ट, 1956 की सेक्शन 12(ब) के तहत मान्यता प्राप्त होने का झूठा दावा फैलाया, जबकि वास्तव में यूजीसी ने स्पष्ट किया है कि अल फलाह यूनिवर्सिटी केवल सेक्शन 2(एफ) के अंतर्गत एक राज्य निजी विश्वविद्यालय के रूप में शामिल है। विश्वविद्यालय ने कभी सेक्शन 12(ब) के लिए आवेदन नहीं किया और न ही वह इस प्रावधान के तहत किसी प्रकार की ग्रांट्स पाने के योग्य है।**




## अल-फलाह यूनिवर्सिटी मामले में 4 राज्यों में 30 ठिकानों पर रेड

**फरीदाबाद, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े मामले में ईडी की टीम दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश सहित चार राज्यों में छापेमारी कर रही है। अल फलाह विश्वविद्यालय पर एक मामला मनी लांड्रिंग का भी दर्ज किया गया था। महू में यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद अहमद के पुराने आवास और फरीदाबाद में अल फलाह के परिसर, ओखला में ट्रस्ट के दफ्तर सहित 30 ठिकानों पर छापेमारी जारी है। अब तक एनआईए ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये कथित तौर पर आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर नबी के करीबी सहयोगी हैं। 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक सफेद हुंडई आई20 कार में विस्फोट हुआ। इसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। यह विस्फोट एक आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा बताया गया। इसकी जांच एनआईए और दिल्ली पुलिस कर रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि इस घटना से जुड़े लोग डॉक्टर थे। जांच में सामने आया कि विस्फोट में शामिल आतंकी उमर भी डॉक्टर था और अल फलाह यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर था, हालांकि यूनिवर्सिटी ने इन आरोपों से इनकार किया है। इसके अलावा अल फलाह की ओर से कहा गया कि उसके कैंपस का इस्तेमाल किसी आतंकी गतिविधियों में नहीं हुआ है। दिल्ली की अदालत ने लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट मामले में ड्राइवर उमर मोहम्मद उर्फ उमर उर नबी के सहयोगी आमिर राशिद अली को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा है। वहीं एनआईए को इस मामले में धमाके में शामिल आतंकवादी के एक और प्रमुख सहयोगी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया है।

## शपथ से पहले दिल्ली में सियासी हलचल तेज, एनडीए में बराबरी के फार्मूले पर तकरार

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** बिहार में प्रस्तावित 20 नवंबर के शपथ ग्रहण से पहले सियासी जमीन पर खींचतान तेज हो गई है। नई सरकार बनने से पहले ही एनडीए के भीतर शक्ति-संतुलन को लेकर गहरे विवाद उभर आए हैं। इसी बीच सोमवार की आधी रात जेडीयू के सीनियर नेता ललन सिंह और संजय झा को अचानक दिल्ली तलब किया गया। दोनों चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली रवाना हुए, जिससे राजनीतिक गतिविधियां तेज होने के संकेत मिले। दिल्ली पहुंचते ही संजय झा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के लिए उनके आवास पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, मुलाकात में नई कैबिनेट के फॉर्मूले, स्पीकर पद और गठबंधन की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हो रही है। उधर, एनडीए के अन्य घटक दल, लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान, रालोमो (राष्ट्रीय लोक मोर्चा) अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और हम (हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा) सुप्रीमो जीतनराम मांझी भी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। रविवार को इन नेताओं की अमित शाह और जेपी नड्डा से भी महत्वपूर्ण बैठक हो चुकी है। मंगलवार को बिहार भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी दिल्ली पहुंचने वाले हैं। यह संकेत है कि फिलहाल बिहार में सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी तरह दिल्ली के राजनीतिक केंद्र में सिमट गई है। इसके उलट बीजेपी का कहना है कि मुख्यमंत्री पद जेडीयू के पास है, इसलिए स्पीकर का पद स्वाभाविक रूप से भाजपा को ही मिलना चाहिए। दोनों दलों के एक-एक मंत्री के फॉर्मूले के कारण स्थिति और जटिल हो गई है। 6 विधायकों पर 1 मंत्री का फॉर्मूला तय किया गया है, जिसके अनुसार जेडीयू और बीजेपी दोनों से 15-15 मंत्री बनाए जाएंगे। जो भी पार्टी स्पीकर पद लेगी, उसके हिस्से में एक मंत्री कम होगा। सूत्रों की मानें तो नीतीश कुमार नई सरकार में सिर्फ 'संख्या की बराबरी' नहीं, बल्कि 'गरिमा की बराबरी' भी चाहते हैं। चर्चा यह भी है कि जेडीयू उपमुख्यमंत्री पद में भी अपनी भूमिका तय करने पर अडिग है।



## इंस्टाग्राम से उठाकर मेडिकल की छात्रा व परिजनों के फोटो किए वायरल

**मेरठ, 18 नवंबर (एजेंसी)।** इंस्टाग्राम अकाउंट से उठाकर सरधना की रहने वाली मेडिकल की छात्रा और उसके परिजनों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने का मामला सामने आया है। एक अज्ञात युवक ने छात्रा के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसके और उसके भाई के फोटो गलत तरीके से एडिट कर मोहल्ले के एक व्यक्ति को भेज दिए। आरोपी ने छात्रा की वास्तविक आईडी पर भी आपत्तिजनक संदेश भेजते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि वह मेडिकल की पढ़ाई कर रही है और उसका इंस्टाग्राम पर अकाउंट बना हुआ है। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इसी नाम से एक फर्जी अकाउंट तैयार किया और उस पर गलत तरीके से एडिट की गई तस्वीरें भेजना शुरू कर दिया। आरोपी ने छात्रा के मोबाइल पर भी एडिट की गई तस्वीरें भेजकर उसे मानसिक रूप से परेशान किया। छात्रा ने कहा कि इस घटना के कारण उसकी और उसके परिवार की समाज में काफी बदनामी हुई है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बांग्लादेश की सड़कों पर चल रहे गोली, बम और बुलडोजर

**ढाका, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** बांग्लादेश सुलग रहा है। पूर्व पीएम शेख हसीना को सजा-ए-मौत सुनाए जाने के बाद पूरे देश में हिंसा की खबरें आ रही हैं और चारों ओर अव्यवस्था है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश में सोमवार से सड़कों पर आगजनी, गोली-बाम चलने की खबरें आई हैं। इस हिंसा में दो लोग मारे गए हैं और 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। कोटलीपारा समेत कई जगहों पर बम धमाके की भी रिपोर्ट है, जिसमें पुलिस के तीन जवान घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना को सजा-ए-मौत सुनाए जाने के बाद कुछ लोगों ने जश्न मनाया और मिठाई बांटने लगे। इसे लेकर दूसरे गुट से विवाद हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक दंगाई बंग बंधु यानी मुजीबुर्रहमान के घर बुलडोजर लेकर पहुंच गए और उसे गिराने की कोशिश की। मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के संस्थापक थे, लेकिन बांग्लादेश की नई सरकार उन्हें अब एक खलनायक के रूप में पेश कर रही है। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना मुजीबुर्रहमान की ही बेटी हैं। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ हत्या, अपराध रोकने में नाकामी, और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। इसके अलावा छात्रों को गिरफ्तार कर टॉर्चर करने, एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग, और सुरक्षाबलों का घातक इस्तेमाल करने का आदेश देने जैसे गंभीर मामले हैं।



शेख हसीना को सजा-ए-मौत सुनाए जाने पर सुलगा पूरा देश

# धर्म परिवर्तन की बड़ी साजिश नाकाम

## मुजफ्फरनगर में ईसाई मिशनरी से जुड़े दो आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 18 नवंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों द्वारा कराए जा रहे कथित धर्म परिवर्तन की एक बड़ी साजिश को उस समय नाकाम कर दिया गया, जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर गांव से दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना सोमवार को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर गांव में लाखन नाम के एक व्यक्ति के घर हुई। बजरंग दल जिला संयोजक प्रतीक शर्मा व रवि चौधरी को सूचना मिली थी कि ईसाई मिशनरी से जुड़े कुछ लोग इस घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान ईसाई मिशनरी से जुड़े दो आरोपी - जॉनी पोस्टर और राहुल - मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति लाखन की लिखित शिकायत पर तुरंत धर्म परिवर्तन का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद, मंगलवार को फरार दोनों आरोपी जॉनी पोस्टर और राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीओ नई मंडी राजू कुमार साव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर धर्म परिवर्तन की कोशिश को रोका। पीड़ित लाखन की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आज दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। "पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि पकड़े गए दोनों लोग - जॉनी पोस्टर और राहुल - सहारनपुर के जलालपुर के रहने वाले हैं और वर्ष 2020 से ही ईसाई मिशनरी से जुड़े हैं। ये एससी बिरादरी से हैं और इन्होंने चंडीगढ़ में प्रार्थना सभा के माध्यम से ईसाई धर्म स्वीकार किया था। ये कई जगहों पर घूमकर लोगों को प्रार्थना सभा में बुलाकर ईसाई धर्म के बारे में प्रचार-प्रसार करते हैं।" राजू कुमार साव, सीओ नई मंडी।

### कई सालों से चल रहा था रैकेट

**मुजफ्फरनगर। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने चंडीगढ़ में धर्म परिवर्तन के बाद लगातार ईसाई धर्म के प्रचार के लिए सहारनपुर और मुजफ्फरनगर के कई स्थानों का भ्रमण किया था। फिलहाल, पुलिस इस बात की जानकारी जुटा रही है कि इन लोगों ने ईसाई मिशनरी के साथ जुड़कर अब तक कितने लोगों का धर्म परिवर्तन कराया है। पुलिस इस घटना के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज पर काम कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह धर्म परिवर्तन की साजिश का एक बड़ा और संगठित मामला निकलकर सामने आ सकता है, जो पिछले कई सालों से लगातार चल रहा था।**



## तेज प्रताप के निशाने पर फिर आए संजय, कहा- बहन का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

**पटना, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** रोहिणी आचार्या के परिवार और पार्टी छोड़ने के बयान के बाद तेज प्रताप यादव भड़क गये थे और उसी दौरान उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा था कि हमारी बहन का जो अपमान करेगा उस पर कृष्ण का सुदर्शन चक्र चलेगा। आज फिर उन्होंने एक बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि हम किसी भी हालत में अपनी बहन का अपमान बर्दास्त नहीं करेंगे, जयचंदो को इस दुर्व्यवहार का परिणाम जरूर चुकाना पड़ेगा! तेज प्रताप ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि हमारी रोहिणी दीदी के साथ जो दुर्व्यवहार जयचंदों के द्वारा किया गया, इस घटना ने दिल को झकझोर दिया है। मेरे साथ जो हुआ, वह मैं सह गया, लेकिन मेरी बहन के साथ जो अपमान हुआ, वह किसी भी हालत में असहनीय है। सुन लो जयचंदों, परिवार पर वार करोगे तो बिहार की जनता तुम्हें कभी माफ नहीं करेगी। इससे पहले तेज प्रताप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि हमारी बहन का जो अपमान करेगा उस पर कृष्ण का सुदर्शन चक्र चलेगा। रोहिणी दीदी जो बात कह रही है, वह अपनी जगह बिल्कुल सही कह रही हैं। एक मां होने के नाते, एक महिला होने के नाते, एक बहन होने के नाते जो सराहनीय काम उन्होंने किया है, वह शायद ही कोई बेटी या कोई बहन या कोई मां कर सकती है। यह हमारे लिए और सभी महिलाओं के लिए ये पूरे तरीके से ये पूजनीय हैं और सदैव इनकी चर्चा की जाएगी। यह एक इतिहास रहेगा और इतिहास के पन्नों में मेरी बहन का नाम सुनहरे पन्नों में रहेगा।

## कानपुर में स्लीपर बस पलटी, बच्चे का सिर कटा, पिता चीखकर रोया, पत्नी का पैर भी अलग, तीन की मौत

**कानपुर, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** कानपुर में बड़ा हादसा हो गया। दिल्ली से आ रही तेज रफ्तार स्लीपर बस पलट गई। हादसे में 5 साल के बच्चे समेत 3 यात्रियों की मौत हो गई। 6 बच्चों समेत 25 से ज्यादा घायल हैं। हादसा इतना भयानक था कि बच्चे का सिर धड़ से अलग हो गया। उसकी मां का पैर कट गया। उनका आईसीयू में इलाज चल रहा। पिता को चोटें आईं। वो अपनी छोटी बच्ची को गोद में लेकर अस्पताल में इधर-उधर भटकता रहा। बार-बार बेटे को देखने की जिद करता रहा। फिर वह पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचा। बिना सिर की लाश देखकर घुटनों के बल गिर पड़ा। फूट-फूटकर रोने लगा। पुलिसवालों ने उसे काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह चिल्ला-चिल्लाकर रोता रहा। बार-बार वह बेटे की सिर कटी लाश देखने की कोशिश करता, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पाया। रोते-रोते वह बेसुध होने लगा, जिसने भी पिता को देखा, अपने आंसू नहीं रोक पाया। एक पिता का दर्द वहां मौजूद हर शख्स ने महसूस किया। हादसा कानपुर के अरौल में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ। बस दिल्ली के आनंद विहार से बिहार के सिवान जा रही थी। इसमें कुल 45 यात्री थे। घटना मंगलवार तड़के 3.20 बजे हुई। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। स्लीपर बस पहले डिवाइडर पर चढ़ी। फिर पलट गई। बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। घायल यात्रियों ने बताया कि अचानक तेज झटका लगा। चीख-पुकार मच गई। बस की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि एक्सप्रेस-वे पर 50 फीट तक घिसटती चली गई। सन्नाटा होने के चलते काफी देर तक यात्री अंदर तड़पते रहे। फिर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बस के शीशे तोड़कर घायलों को जैसे-तैसे बाहर निकाला। हादसे की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 100 मीटर तक शीशे और पार्ट्स बिखर गए। अंदर यात्री सीटों के बीच फंस गए। अफरा-तफरी के बीच पुलिस टीम पहुंची। सीटें काटकर यात्रियों को निकाला गया।

## पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर फिर हमला, आईईडी ब्लास्ट कर ट्रेन को पटरी से उतारा

**क्वेटा, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर फिर हमला हुआ है। जाफर एक्सप्रेस पर यह हमला सिबी जिले के पास नसीराबाद इलाके में हुआ है। इस बार आईईडी ब्लास्ट में जाफर एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गई हैं। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजी) ने ली है। उन्होंने दावा किया है कि इस हमले में कई पाकिस्तानी सैनिकों की मौत भी हुई है। हालांकि पाकिस्तान ने इन हमलों में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं की है। पाकिस्तान ने बताया है कि हमले के बाद मौके पर भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। इससे पहले भी कई बार जाफर एक्सप्रेस पर हमले हो चुके हैं। बीआरजी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। बीआरजी के प्रवक्ता दोस्तैन बलूच ने लिखा, "हम नसीराबाद में जाफल एक्सप्रेस पर हुए विस्फोट की जिम्मेदारी लेते हैं।" उन्होंने आगे लिखा, "बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स के स्वतंत्रता सेनानियों ने आज नसीराबाद के रबी इलाके में एक आईईडी लगाया और रिमोट कंट्रोल से जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया। इस विस्फोट में कई लोग मारे गए और घायल हुए, जबकि पटरी और ट्रेन को भी भारी नुकसान पहुंचा। बीआरजी ने हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि बलूचिस्तान की आजादी मिलने तक ऐसे हमले जारी रहेंगे।" पाकिस्तान रेलवे की जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा और पेशावर के बीच चलती है। यह एक यात्री ट्रेन है। यह ट्रेन प्रतिदिन दोनों तरफ से एक-एक फेरा लगाती है। इस दौरान यह ट्रेन रोहरी-चमन रेलवे लाइन और कराची-पेशावर रेलवे लाइन के जरिए अपनी यात्रा को पूरा करती है। जाफर एक्सप्रेस क्वेटा से पेशावर के बीच की 1,632 किलोमीटर (1,014 मील) की दूरी को पूरा करने में लगभग 34 घंटे 10 मिनट का समय लगाती है।



## जब सीएम योगी अपने अफसरों पर नाराज हो गए, बोले- काम लटकाने वाले भुगतेंगे

**गोरखपुर, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर में आयोजित जनता दरबार में अधिकारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पीड़ितों की मदद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। कई शिकायतें पुलिस थानों में सुनवाई न होने, मुकदमों में देरी और उत्पीड़न से जुड़ी थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तलब किया और फटकार लगाई। सीएम योगी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, पुलिस से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। पीड़ित व्यक्ति अगर न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है, तो यह प्रशासन की विफलता है। ऐसे मामलों में तुरंत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अगर समाधान में कोताही बरती गई तो दोषी अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो और पीड़ितों को तत्काल राहत मिले। उन्होंने यह भी कहा कि जनता का विश्वास ही प्रशासन की सबसे बड़ी पूंजी है और इसे बनाए रखना हर अधिकारी का दायित्व है। जनता दरबार में मौजूद वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सीएम ने व्यक्तिगत रूप से कई मामलों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के बाद कई शिकायतों पर मौके पर ही कार्रवाई शुरू कर दी गई।



## लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से इंडिया लाया जा रहा, बाबा सिद्दीकी और मूसेवाला मर्डर में वांटेड

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। उसके 19 नवंबर को भारत पहुंचने की उम्मीद है। अनमोल पर एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर का आरोप है। अनमोल का नाम एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग केस में भी सामने आया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को ईमेल भेजकर अनमोल के डिपोर्टेशन की जानकारी दी। इसमें लिखा है- यह ईमेल आपको सूचित करने के लिए है कि अनमोल बिश्नोई को फेडरल गर्वमेंट ने अमेरिका से निकाल दिया है। अपराधी को 18 नवंबर 2025 को डिपोर्ट किया जाएगा। अनमोल को पिछले साल नवंबर में अमेरिकी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उस पर अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने का आरोप है। अनमोल को भारत की खुफिया जांच एजेंसी एनआईए ने भी अनमोल पर 10 लाख का इनाम रखा है।

# प्रयागराज के लिये बसें तैयार, मगर मुजफ्फरनगर से सवारी मिलना दुश्वार

## जनता करेगी सहयोग तभी हो पाएगा, रोडवेज की समस्या का निदान

**मुजफ्फरनगर, 18 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर रोडवेज से अब प्रयागराज व गोरखपुर के लिये बसें चलने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। रोडवेज के अधिकारियों व चालकों को सवारियों का इंतजार है। रोडवेज के अधिकारियों से जब जानकारी हासिल की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे चालक व परिचालक पूरी तरह से तैयार हैं, बस अब इंतजार अब यात्रियों का है कि प्रयागराज स्नान व वाराणसी में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये यात्री बसों में बैठने को यात्रियों की बहार हो। अब देखना यह है कि रोडवेज बसों का इंतजार कब खत्म होता है और कब ये बसें प्रयागराज से मुजफ्फरनगर लौट-फेर का चक्कर मुनाफे के साथ लगाती हैं।




### प्रयागराज के बस स्टॉपेज

**मुजफ्फरनगर।** प्रयागराज की मुजफ्फरनगर से दूरी लगभग 780 किलोमीटर है। इस दौरान लगभग 57 स्टॉपेज रोडवेज की ओर से तय किये हैं। मुजफ्फरनगर से प्रयागराज तक लगभग 12 घंटे का समय लगता है। मुजफ्फरनगर रोडवेज की यह बस चलने के बाद बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, सीतापुर, रायबरेली, कुंडा होते हुए प्रयागराज बस स्टेशन पहुंचेगी।

### मुजफ्फरनगर से रायबरेली के लिये बस स्टॉपेज

**मुजफ्फरनगर।** रायबरेली के लिये चलने वाली बस मुजफ्फरनगर से होते हुए मेरठ, अलीगढ़, कन्नौज, आजमगढ़, रायबरेली पहुंचती है। मुजफ्फरनगर से रायबरेली की दूरी लगभग 710 किलोमीटर है और मुजफ्फरनगर से रायबरेली पहुंचने में लगभग 10 घंटे का समय लगता है। ऐसे में लोगों की सुविधा के लिये बस के इस रूट के लिये भी 57 स्टॉपेज तैयार किये गये हैं।

### बिना सवारी के भेजने पर होगा हर महीने लाखों का नुकसान

**मुजफ्फरनगर।** यह रूट पूरी तरह से तैयार हैं। लेकिन अगर बिना सवारी के इनको चलाया जाता है तो आने-जाने में लगभग 1400 किलोमीटर का सफर है। इस 1400 किलोमीटर में अगर पूरे महीने की बात करें तो लगभग लाखों रुपए का डीजल इसमें खर्च होगा। ऐसे में अगर बिना यात्रियों के रोडवेज की बस दौड़ेगी तो खर्चा निकलना भी मुश्किल हो जाएगा।



**मुजफ्फरनगर। अगर जनता सहयोग करे तो हम यह तीन रूट गोरखपुर, रायबरेली और प्रयागराज के लिये बस चलाने को बिल्कुल तैयार हैं। हमें जनता का जितना सहयोग मिलेगा, हम उतना जनता को अच्छी सुविधा दे पाएंगे। इसलिये हमारी जनता से अपील है कि रोडवेज की बसों पर यकीन करें।**

**पूनम तोमर**
**रोडवेज इंचार्ज, मुजफ्फरनगर**

## यूपी में बदला गया महिलाओं के लिए नाइट शिफ्ट का समय

**लखनऊ, 18 नवम्बर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार प्राइवेट कर्मचारियों के लिए नए नियम ले आ रही है। यूपी सरकार ने दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में 63 साल बाद बड़ा बदलाव किया है। यह कानून पूरे उत्तर प्रदेश में लागू होगा। इस बदलाव का उद्देश्य प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियों को कानूनी सुरक्षा और उनके अधिकार दिलाना है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि संशोधन के तहत यह अधिनियम उन प्रतिष्ठानों पर लागू होगा, जिनमें 20 या उससे ज्यादा लोग काम करते हैं। सरकार ने इस अधिनियम का दायरा बढ़ाते हुए क्लीनिक, पॉलीक्लिनिक, डिलीवरी होम, सर्विस सेंटर और ऐसे कई अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी इसमें शामिल किया है। अब इन जगहों पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी काम के घंटे, छुट्टियां तय होंगी, साथ ही अन्य कानूनी फायदे मिल सकेंगे। सरकार ने महिला कर्मचारियों की नाइट शिफ्ट के समय में बदलाव किया है। पहले महिलाओं के लिए रात की शिफ्ट रात 9 से सुबह 6 बजे तक मानी जाती थी। अब इसे बदलकर शाम 7 से सुबह 6 बजे तक कर दिया गया है। जहां भी कर्मचारी दिनभर खड़े होकर काम करते हैं, वहां अब बैठने की व्यवस्था करना जरूरी होगा। जिससे कर्मचारी आराम कर सकें। नियोक्ता को अब प्रत्येक कर्मचारी को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा।